हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025


## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

**छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल**



मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित



मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भुपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित






मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

**मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध**

## उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

तुरंत राहत | कम लागत
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई

ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

**उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)
हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

## हमारे विशेषज्ञ



**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience



**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience



**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience



**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience



**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience



**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience



**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

## खबर संक्षेप

### आरंग कृषि उपज मंडी में आज किसानों की बैठक

**आरंग।** क्षेत्र के किसानों का महत्वपूर्ण बैठक 25 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी आरंग मे एक बजे रखा गया है। जिसमे ग्रीष्मकालीन रबी फसल लगाने पानी की माँग, एग्रीस्टेक पोर्टल मे किसानों का पंजीयन नहीं होने पर चर्चा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत कीट प्रकोप, बीमारियों से फसल क्षति पर मुआवजा की मांग, सहकारी समिति मे जमा अमानत राशि पर ब्याज देने व किसानों द्वारा रखे जाने वाले विषयों पर चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई जायेगी। किसान नेता पारसनाथ साहू ने सभी किसानों को अनिवार्य रूप से बैठक मे भाग लेने की अपील किया है।

### सहकारी बैंक रायपुर के कर्मियों को चार साल से वेतनवृद्धि नहीं

**रायपुर।** रायपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं मिली है। इस मामले की शिकायत केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा सदस्य एवं छत्तीसगढ़ को-आपरेटिव बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास ने की है। श्री व्यास ने अमित शाह एवं मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतनवृद्धि पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छ.ग. रायपुर के त्रुटिपूर्ण आदेश के कारण नहीं मिल पा रही है। इस आदेश के विरुद्ध जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में वाद दायर किया गया था, उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच एवं डबल बेंच द्वारा कर्मचारियों की मांग को जायज मानते हुए वर्ष 2021 से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने संबंधी आदेश पारित किया गया है। इस संबंध में याचिकाकर्ता बैंक कर्मचारियों द्वारा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, को आदेश की प्रति सहित वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने निवेदन किया गया है, किन्तु पंजीयक की हठधर्मिता के कारण कर्मचारियों को आज दिनांक तक वार्षिक वेतनवृद्धि उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद भी अप्राप्त है।

### बैज बोले- किसानों से 1 नवंबर से हो धान खरीदी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दीपावली त्योहार, मातर के बाद फसल की कटाई जोरों पर चलेगी, ऐसे में धान की खरीदी तुरंत शुरू की जानी चाहिए, देर करने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। 1 नवंबर तक किसानों का धान खेतों से खलिहान में आकर बेचने के लिए तैयार हो जाएगा।

## निधन

### गोपाल प्रसाद यादव

आरंग। मछली चौक लोधी पारा आरंग निवासी 77 वर्षीय गोपाल



प्रसाद यादव का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए। वे बसंत व ओंकार यादव के पिता थे।

# सुआ नृत्य प्रतियोगिता में 500 बालिका व महिलाओं ने दी रोचक प्रस्तुति

## लसिता साहू की टीम प्रथम, मानसी की टीम द्वितीय, सिमरन की टीम तृतीय रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

रविवार को धनतेरस के अवसर पर ग्राम भिलाई में ग्राम के उत्साही युवाओं की पहल पर सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम भिलाई और चरौदा के बालिकाओं और महिलाओं की दस टोलियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिये। और अपनी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाये। कार्यक्रम का क्रमिक संचालन शिक्षक गोवर्धन साहू, महेन्द्र कुमार पटेल और चरौदा के लोकमंच के कलाकार नरेन्द्र यादव ने किया। संचालको ने एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी शेर, शायरियों, गीत और कविताओं से कार्यक्रम का शमा बांधा, जो आकर्षण का केंद्र रहा।



### संस्कृतिक विकास की चेतना फैली

प्रतियोगिता में लसिता साहू की टीम प्रथम, मानसी की टीम द्वितीय, सिमरन की टीम तृतीय रही।सभी विजेताओं को नगद और अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन में करीब 500 से अधिक महिलाओं युवतियों और बच्चों ने एक साथ सुआ नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। पहली बार गांव में इतनी संख्या में एक साथ महिलाओं ने सुआ नृत्य किया जो गांव में चर्चा का विषय बना रहा। इस अवसर पर किसान नेता और समाजसेवी पारसनाथ साहू ने कहा यदि हम अपनी संस्कृति को आगे नहीं बढ़ाएंगे तो बढ़ती सोसल मीडिया का प्रचलन और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव हमारी संस्कृति को नष्ट कर देगी। उन्होंने समाज में बढ़ती अराजकता और नशाखोरी पर चिंता जताते हुए कहा हमें एकजुट होकर गलत कामों का विरोध करना चाहिए।वहीं ग्राम के उत्साही युवा धनंजय साहू और भूपेंद्र साहू ने कहा किसी भी देश की पहचान और ताकत देश की संस्कृति है। इसलिए हमें अपनी संस्कृति को सहेजना और आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम की परिकल्पना कर्ता पुरूषोत्तम धीवर ने सभी का आभार जताते हुए कहा एकता में शक्ति है। उन्होंने संस्कृति को सहेजने ग्राम में युवाओं की पहल की खूब सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन, संयोजन में विशेष सहयोग धनंजय साहू, भूपेन्द्र साहू, उत्तम साहू, चोवा साहू, आदित्य साहू, लोमेश साहू ,चमन साहू, तरुण साहू, यादराम साहू, पुकलाल जलछत्री, अशोक साहू, गिरधारी साहू, तोषण साहू, ऋषि कुर्रे, लोकेश साहू एवं ग्रामीणों का रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति होकर कार्यक्रम लुप्त उठाये।

## गौरव ग्राम तुलसी (मानपुर) में मातर व भाई दूज के अवसर पर किया आयोजन

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में दी गई 2000 दीपों से शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



समीपस्थ के गांव गौरव ग्राम तुलसी(मानपुर) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मातर व भाई दूज के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वाधान और युवा समाज से वी संदीप वर्मा के नेतृत्व में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के तहत 2000 हजार दीप प्रज्वलित कर इस मातृभूमि के लिए अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजली देकर सीमा पर सुरक्षा में लगे जवानों के साथ समस्त भारतीय सेना के जावानो के परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया। जिनके सपूतों और वीरांगनाओं के योगदान के कारण वर्तमान में हिन्दुस्तानी सुरक्षित है।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पांचों विषयों पर सभी लोगों ने चलने की प्रेरणा दी
- जगतजननी भारतमाता की महाआरती करके प्रसाद वितरण किया गया

सर्वप्रथम सेवानिवृत प्राचार्य दानी गर्ल्स स्कूल रायपुर दानीराम वर्मा और गांव के ही प्रतिष्ठित कृषक मन्नू साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। बाद में उपस्थित सभी लोगों ने दीपक जलाकर अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(RSS) का भी शताब्दी वर्ष है। अतः संघ के द्वारा निर्धारित पंच परिवर्तन के पांचों विषयों पर सभी लोगों ने चलने की सहमति प्रदान करी जिसमें प्रथम स्वदेशी को जीवन का अंग बनाना और व्यवहार में लाना, दूसरा पर्यावरण संरक्षण जिसके तहत वृक्षारोपण, जलसंरक्षण मृदा संरक्षण आदि को जीवन में उतरना, तीसरा नागरिक कर्तव्य अर्थात प्रशासन के सभी नियमावली को मानना और देश के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में सतत आगे बढ़ना, चौथा सामाजिक समरसता समाज में व्याप्त छुआ छूत अमीरी गरीबी सभी प्रकार के भेद को मिटाकर संगठन का भाव जगाना, पांचवां कुटुम्ब प्रबोधन अर्थात संयुक्त परिवार के भाव को जागृत करके परिवार में एक जुट होकर रहना, और आखिर में जगतजननी भारतमाता की महाआरती करके प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। जय घोष के साथ पूरा वातावरण वंदेमातरम्-मय भारतमाता की जय के नारे से गुंजायमान हो रहा था। कार्यक्रम की तैयारी में विशेष योगदान नेवी के जवान निखिल वर्मा, शिवकुमार वर्मा, कु.निकिता वर्मा,कु.गीता वर्मा, कु.भूमिका वर्मा, का रहा।

### 15 वर्षों से किया जा रहा आयोजन

विदित हो कि विगद 15 वर्षों से यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वाधान में संदीप वर्मा के पहल में आयोजित हो रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होते है। और देशभक्ति पूर्ण वातावरण में यह कार्यक्रम सम्पन्न होता है। अपने परिवार के साथ दीपावली का पर्व मनाना तो सहज है। परन्तु दीपावली जैसे पर्व पर भी उन शहीदों को श्रद्धांजली देना जिन्होंने हिंदुस्तान के लिए अपना बलिदान दिया और जिन लोग वर्तमान में सुरक्षा में सीमा पर तैनात है। और उनके परिवारों की प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना अपने आप में एक अभिनव पहल है। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से रामचंद्र वर्मा,भारतभूषण वर्मा, नीरज वर्मा, तिलकराम वर्मा,महेश मिश्रा,योगेश वर्मा,श्रीमती भारती वर्मा, गौरी बाई वर्मा,श्रीमती दुलारीबाई वर्मा, श्रीमती पुष्पा यादव,श्रीमती चंद्रकला सिरमौर,श्रीमती गिरजादेवी वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जोगी कुआँ के सतनाम सत्संग का सैकड़ों लोगों ने लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

दिनांक 24 अक्टूबर 2025 कों जोगी कुआँ धाम बैकुंठ बहेसर मे धर्मगुरु बालकदास सतनाम सेवा समिति एवं सतनाम सत्संग समिति नागपुर ( महाराष्ट्र ) के संयुक्त तत्वाधान मे 500 से अधिक लोगो ने सतनाम सत्संग मे ज्ञान का रसपान किया गया, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के बताये रास्ते पर चलने की अपील किये मानव समाज से मनखे मनखे एक बरोबर जैसे मूल मंत्र कों अपनाने और उनके द्वारा बताये गये, सत्य, अहिंसा, करुणा, दया और समानता के मार्ग पर चलने के लिये मानव समाज कों शिक्षा प्रदान किया गया!

आसपास के गाँव से महिला पुरुषो व बच्चों के द्वारा सत्संग कार्यक्रम मे सतनाम पंथ के रीति नीति, नियम आदि कों सुनकर, जानकर, समाज के लोगो कों एकता के सूत्र मे बाँधने के लिये संकल्पित हुये! सतसंग कार्यक्रम मे राजनांदगाव, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, रायपुर जिला से श्रद्धांलु शामिल हुये है! पूरा जोगी कुआँ धाम मे सतनाम माहौल बन गया था, इस सत्संग कार्यक्रम के दौरान संगठित होकर समाज कों नई दिशा गति देने के लिये सत्संग जरूरी है!इस अवसर पर उपस्थित रहें संत महेश रात्रे, चैनसिंग देशलहरे, महेन्द्र चंदेल, धर्मेंद्र देशलहरे, कमलेश देशलहरे, हरदेव घृतलहरे, खेमू भारती, तुषार चंदेल, राजेंद्र महिलांग, पुनिया रात्रे, शशि टंडन, पूर्णिमा देशलहरे, अनीता चंदेल, सरिता चंदेल, जागेश्वरी, साधराम डहरिया, ईश्वरी चेलक, चरण दास चेलक ( कार्यकारी अध्यक्ष ) बौना जांगड़े, राजमहंत गजरतन गायकवाड, कुमार डहरिया, भगवती भारती, ताराचंद बंजारे, भरत टंडन, मोहन बंजारे, पुष्पा टंडन, सावित्री मनहर, सुमन सोनवानी, भागबाई गायकवाड, त्रिवेदी पात्रे, गंगाराम बंजारे, शकुंतला पात्रे, अमितोष धीरज, एच आर दिवाकर ( अधिवक्ता ) अवध रात्रे, बुधेलाल गायकवाड़, आदि उपस्थित हुए।

# हार्वेस्टर से धान कटाई शुरू, खेतों में नमी से लागत बढ़ी, उत्पादन घटने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

लगातार हुई बारिश के कारण इस बार खेतों में नमी सामान्य से कहीं अधिक बनी हुई है। हरहुना धान की कटाई का समय आने के बावजूद खेतों में गीलापन इतना है कि सामान्य हारवेस्टर मशीन से कटाई संभव नहीं हो पा रही। ऐसे में किसानों को मजबूरीवश चेन वाली हारवेस्टर मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

**सुखाने और सुरक्षित भंडारण की अगल व्यवस्था करनी होगी-** जिसकी कटाई दर सामान्य हारवेस्टर से लगभग दोगुनी बताई जा रही है।ग्रामीण अंचलों में किसानों ने बताया कि इस वर्ष धान की फसल पहले से ही बीमारी, कीट प्रकोप और तेज हवा—बारिश के चलते प्रभावित रही है। अब जब कटाई का समय आया है, तो खेतों की स्थिति ने और मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिन खेतों में पहले एक एकड़ धान कटाई का खर्च सामान्य हारवेस्टर से करीब 1500 से 1800 रुपये आता था, वहीं अब चेन हारवेस्टर से कटाई कराने पर किसानों को 3000 से 3500 रुपये प्रति एकड़ तक देना पड़ रहा है। ऊपर से खलिहान गीला होने के कारण फसल को सुखाने और भंडारण की समस्या अलग से खड़ी हो गई है। किसान बताते हैं कि इस साल मजदूरी, खाद, और दवाई के दाम भी लगभग दोगुने हो चुके हैं। ऐसे में उत्पादन कम और खर्च ज्यादा होने की स्थिति ने उनकी आर्थिक हालत डगमगा दी है।लखौली क्षेत्र के अनेकों किसानों ने बताया कि धान की फसल में इस साल बहुत नुकसान हुआ। बारिश ने खेत गीला कर दिया, अब चेन हारवेस्टर से कटाई करानी पड़ रही है, खर्च दोगुना हो गया, और पैदावार आधी रह गई। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गीले खेतों में मशीन की गति धीमी रहती है और फसल की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। ऐसे में किसानों को धान सुखाने और सुरक्षित भंडारण के लिए विशेष व्यवस्था करनी होगी। कुल मिलाकर इस बार किसानों के सामने 'कम पैदावार, ज्यादा खर्च' की चुनौती है। बढ़ते लागत मूल्य और घटते उत्पादन के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

# आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडलों की हुई तारीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में विधा-वार सभी विषयों के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाई एवम हायर सेकंडरी कक्षा के सभी छात्रों के विभिन्न विषयों के मॉडल के साथ प्रेजेंटेशन दिया।

प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी विज्ञान, कॉमर्स, गणित एवम सामाजिक विज्ञान की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमे सभी बच्चों शिक्षकों के मदद एवम ऑनलाइन सर्च कर स्वयं से मॉडल बनाये। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समस्या समाधान, तार्किक छमता, सृजनात्मकता, एवम किताबी ज्ञान को कर के सीखना, एवम जटिल प्रक्रिया को आसानी से समझाना था। इससे बच्चों की प्रतिभा निखरती हैं एवम इसमें उन्होंने उत्साह भी दिखाया तथा प्रोबेबिलिटी, ट्रिग्नोमेट्री, लॉजिक गेट, बैंकिंग, वॉटर हार्वेस्टिंग, कंसन्ट्रेशन गेम, हार्ट फंक्शन, आई फंक्शन,रोबोट, , रेन वाटर हार्वेस्टिंग, इलेक्ट्रिसिटी वायरिंग, लाई डिडेक्टर, क्रिमनल सर्च आदि के 3-डी आकृतियों के मॉडल एवम ह्यूमन सिस्टम, ज्वालामुखी,



वैष्णो देवी एवम जग्गनाथ मंदिर जैसे विभिन्न मॉडलों से निर्णायको को आकर्षित किया। प्रदर्शनी मेला में निर्णायक ज्योतिष साहू, गोविंद साहू, योगेश कुमार साहू, रामेश्वर साहू, मोहन प्रजापति, पुरुषोत्तम यादव के साथ साथ पालको ने सभी बच्चों के कार्यों को खूब सराहा एवम भविष्य में इस प्रकार के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

# छठ पूजा के लिए महादेवघाट सहित 40 तालाबों की कर रहे सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेवघाट में छठ पूजा के लिए खारुन तट की सफाई का सिलसिला विगत तीन दिनों से चल रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन और छठ पूजा समितियों की संयुक्त सफाई टीम पूजा घाट को साफ-सुथरा करने के लिए जुटी है। कुछ ऐसी ही व्यवस्था बिरगांव निगम प्रशासन ने बनाई है। इस तरह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 40 तालाबों की सफाई की जा रही है। नगर निगम एवं पूजा समितियों ने रविवार शाम तक सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि सोमवार शाम को डूबते सूर्य की आराधना करने के लिए पहुंचने वाले उपासकों को बेहतर सुविधा दे सकें।



**समितियों के डेढ़ सौ लोग सफाई में जुटे**

*राजधानी रायपुर में छठ पर्व पर सबसे ज्यादा पूजा करने वालों की भीड़ खारुन तट पर पहुंचती है। इसे देखते हुए नगर निगम यहां विशेष सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत निगम की टीम यहां पोकलेन मशीन से घाट के किनारे जमा कीचड़ निकालने की कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि घाट से शुक्रवार को एक ट्रक के बराबर कीचड़ निकाला गया। इसके साथ ही इस घाट पर पूजा समिति के सदस्य भी सफाई अभियान में जुटे हुए हैं, जो जलकुंभी निकालने के साथ ही सफाई कर रहे हैं।*

# लखौली मातर में अखाड़े व सुआ नृत्य ने समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम लखौली में परंपरा और संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को मातर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ग्रामवासियों की सहभागिता से सम्पन्न इस कार्यक्रम ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त संदेश दिया।दोपहर में गौठान परिसर में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच हिरामन साहू ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। इस दौरान जय बजरंग अखाड़ा (बालोद) के कलाकारों ने अपने अद्भुत शौर्य प्रदर्शन और लयबद्ध कलाबाजियों से उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और परंपरागत खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने का यह प्रयास सराहनीय रहा।रात्रिकालीन सत्र में रामलीला चौक, बाजार पारा लखौली में सांस्कृतिक आयोजन हुआ, जिसमें पीढ़ी नारा गांजर (जिला महासमुंद) की सुवा नृत्य मंडली ने आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। "सुवा ले जा संदेश" कार्यक्रम ने मातर पर्व की मूल भावना को जीवंत कर दिया। गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजन सफल रहा। ग्राम लखौली के नागरिकों ने इस परंपरा को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लेते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच हिरामन साहू ने कहा कि लखौली के इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण परंपराएं आज भी जीवित हैं और नई पीढ़ी के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रही हैं। पूरे कार्यक्रम में रत्थु साहू, भीमा मोहन साहू, उपसरपंच सन्तराम साहू, झम्मन साहू, पन्ना साहू, विक्की चन्द्राकर, सोनू मानिकपुरी, तिलक साहू, मुकेश साहू, लक्ष्मी नाथ साहू का सहयोग सराहनीय रहा।

## आम सूचना

(परिवर्तित भूमि वाके मौजा डुंडा प.ह.नंबर 00072 रा.नि.मं रायपुर, 1 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 403/15 रकबा 1850 वर्गफुट के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुषमा बारिक उम्र 45 वर्ष पति श्री कमलकांत बारिक निवासी 417/52 नवदुर्गा नगर, चौरसिया कॉलोनी, मठपुरैना तहसील व जिला रायपुर ने विक्रेता अनिकेत तिवारीपिता श्री राजेश तिवारी निवासी मकान नंबर 47 अर्जुन एन्क्लेव भैरव नगर संतोषी नगर रायपुर छ.ग. से उनके हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि वाके मौजा डुंडा प.ह.नंबर 00072 रा.नि.मं रायपुर, 1 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 403/15 रकबा 1850 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, मात्र उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व, आधिपत्य, एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैक, संस्था, निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रसासन आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो, मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 23.10.2025

**भवदीय**
**सुचित्रा बर्धन अधिवक्ता/नोटरी**
**निवासीः- गीता सदन राजेन्द्र नगर, शिव चौक रायपुर छ.ग.**
**मो.नंबर 9826525536 7000017595**

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 641 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनि.एम.आई.जी.-400 को **श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर** के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.10.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर**, निवासी प्लाट नं. 06, वार्ड नं. 49. साई कृपा रजनीगंधा कॉलोनी के पास विद्युत नगर दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती नैन्सी पल्तानी पति श्री पुण्य प्रसन्न पल्तानी**, निवासीः- पीउबी / 10, सेक्टर-27, नया रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनि एम.आई.जी.-400 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

## // ईश्तहार //

**क्रमांक/Q/वाचक/तह./2025 मंदिर हसौद, दिनांक 16.10.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमाकांत मुशनुरी पिता स्व. एम. कृष्णमूर्ति, निवासी-ग्राम व पोस्ट नरदहा, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-नरदहा, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर खसरा नंबर 362/16 का नया खसरा नंबर 1653 का भाग रकबा 0.040 हे. भूमि आवेदक के पिता/क्रेता एम. कृष्णमूर्ति पिता एम.बी. रमनय्या के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.07.1988 के द्वारा विक्रेता भगेला पिता फिरत क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे विक्रेता भगेला पिता फिरत के विधिक वारिसान रंगीलाल पिता रामदयाल एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। आवेदक के पिता/क्रेता एम. कृष्णमुर्ति पिता एम. बी. रमनय्या का देहांत दिनांक 06.06.2022 को हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से विक्रेता के विधिक वांरिसान का नाम विलोपित कर मृत क्रेता के विधिक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.10.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) **तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्री-होल्ड संपरिर्तन निम्नानुसार किया जाना हैः-

**क्र.**-1, **आबंटियों का नाम**-श्री सुभाष चन्द्र कुजूर, **पिता/पति का नाम**- श्री पीटर कुजूर, **कॉलोनी का नाम**- गातापार अभनपुर, **भवन क्रमांक**- LIG-88

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सीएम साय की घोषणाओं पर अमल, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में दो ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य शासन के वित्त विभाग ने जहां 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति प्रदान की है, वहीं 9 नवीन नर्सिंग महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों के लिए 78 करोड़ 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

इन दोनों निर्णयों से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी राज्य के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर परिवार को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों। 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्वीकृति दोनों ही निर्णय 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षकों की नई भर्ती से ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता और निरंतरता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। वहीं नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना से स्वास्थ्य शिक्षा और सेवाओं का दायरा विस्तृत होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**मंत्री जायसवाल बोले- यह निर्णय मील का पत्थर** : स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस निर्णय को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वास्थ्य शिक्षा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की स्वीकृति से प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह पहल छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रत्येक नर्सिंग महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 8 करोड़ 68 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण को स्वीकृति, युवाओं के लिए खुले रोजगार और आत्मनिर्भरता के द्वार





**रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण : चौधरी**
वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी की मंशा के अनुरूप शिक्षा और स्वास्थ्य को राज्य की शीर्ष प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त विभाग द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती और 9 नए नर्सिंग कॉलेजों के भवन निर्माण की सहमति देना इसी संकल्प का हिस्सा है। शिक्षा और स्वास्थ्य में किया गया हर निवेश प्रदेश के भविष्य में किया गया निवेश है। वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए मूलभूत क्षेत्रों को संसाधन उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।

**5000 शिक्षकों की भर्ती से शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी**
शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।

## निधन

### इंद्रमोहिनी नैयर



**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी इंद्रमोहिनी नैयर (85) का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. रमेश नैयर की पत्नी तथा संजय नैयर, संदीप नैयर की माता थीं।

### रामनाथ सिंह



**रायपुर।** रेशम उद्योग के पूर्व सहायक संचालक सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा निवासी रामनाथ सिंह का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अक्टूबर सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे गीता सिंह के पति, अनामिका सिंह, देवेश सिंह के पिता एवं सोहित सिंह, छाया सिंह राजपूत के ससुर थे।

### भगवानी सोनकर



**रायपुर।** सोनकर पारा निवासी भगवानी सोनकर का 24 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विकास, दयाराम के पिता थे।

### प्रभुलाल सावरिया



**रायपुर।** गणेश विहार कॉलोनी शिवानंद नगर गुढ़ियारी निवासी प्रभुलाल प्रेमजी भाई सावरिया (80) का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। वे भावेश, काजल एवं शीतल के पिता थे।

### कविता पंजवानी



**रायपुर।** कटोरा तालाब, संत कंवर राम नगर निवासी कविता पंजवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. श्रीचंद पंजवानी की पत्नी थीं।

### कन्हैया लाल बैद



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी निवासी कन्हैया लाल बैद (92) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट जाएगी।

### कितनी राशि कितने किसानों को लौटाई, विभागीय अधिकारी नहीं दे रहे जवाब

# चना-बीज अधिक मूल्य पर वितरण मामले की फाइल डंप, दोषी अफसरों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में किसानों को निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचा गया गेंहू एवं चना बीज के मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में आदेश जारी हुआ था कि जिन-जिन किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य वसूल किया है, उसे वापस किया जाए। इस आदेश के तहत किसानों को राशि लौटाई भी गई है, लेकिन कितनी राशि कितने किसानों को लौटाई गई है, इस संबंध में विभागीय अधिकारी भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। साथ ही इस मामले में दोषी पाए गए अफसरों के विरुद्ध भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**हरिभूमि फॉलोअप**

**कृषि विस्तार अफसरों ने करीब सात सौ किसानों को प्रति बोरी गेंहू बीज 268 एवं चना बीज 290 रुपए अधिक मूल्य पर बेचे थे**







### 268 रुपए गेंहू बीज एवं 290 रुपए चना बीज की राशि लौटाने का आदेश

तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य पर दोनों बीज बेचकर लाखों रुपए वसूल किए थे। इस मामले में अफसरों की जांच में पता चला था कि प्रति बोरी गेंहू बीज को 268 रुपए तथा चना बीज बोरी को 290 रुपए अधिक कीमत पर किसानों को बेचा गया था। इस जांच के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने बयान में स्वीकार किया था कि किसानों को अधिक मूल्य पर दोनों बीज उपलब्ध कराया है। हालांकि अधिकारियों ने भूलवश अधिक पैसे में बीज वितरण करना बताया था। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में समस्त विस्तार अधिकारियों को किसानों को अधिक मूल्य की राशि लौटाने का आदेश जारी किया। इसके परिपालन में विस्तार अधिकारियों ने किसानों को राशि भी लौटाई है। इस संबंध में कृषि विभाग के अफसर सतीष अवस्थी ने जानकारी भी दी है, लेकिन कितने किसानों को कितनी-कितनी राशि लौटाई गई है, इस संबंध में जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

### जिंक सल्फेट भी 8 रुपए अधिक मूल्य पर बेचा

गेहू एवं चना बीज के अलावा कृषि विस्तार अधिकारियों ने जिंक सल्फेट भी 8 रुपए अधिक मूल्य पर किसानों को बेचे जाने की शिकायत थी। जांच में यह शिकायत भी सही पाई गई थी। 42 रुपए की जगह किसानों को प्रति किलोग्राम जिंक सल्फेट 50 रुपए में उपलब्ध कराया था। इस मामले में अभी तक दोषी अफसरों को प्रभावित किसानों को अतिरिक्त राशि लौटाने का आदेश तक जारी नहीं किया गया है।

### धरसींवा विकासखंड में भी शिकायत, जांच नहीं

*सूत्रों के अनुसार तिल्दा क्षेत्र की तरह धरसींवा विकासखंड अंतर्गत किसानों को गेहू एवं चना बीज तथा जिंक सल्फेट अधिक मूल्य पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इस संबंध में कृषि विभाग से लेकर जिला पंचायत में शिकायत भी की गई है, लेकिन अभी तक इस क्षेत्र में जांच नहीं कराई गई है।*

### कार्रवाई होनी चाहिए

दोषी अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए। कितने किसानों को कितनी राशि लौटाई गई है तथा धरसींवा विकासखंड क्षेत्र में भी किसानों को अधिक मूल्य पर बीज-सल्फेट बेचा गया है, तो इसकी जांच कराए जाने की मांग करेंगे।

**- संदीप यदु,** उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

### विजय शंकर मिश्रा बोले

# कांग्रेस ने किया राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का राजनीतिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ **कांग्रेस अपराधों को लेकर सियासी पाखण्ड का प्रदर्शन कर रही**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने पिछले तीन दिनों में घटी आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर किए गए आक्षेप पर पलटवार करते हुए कहा, अपराधों पर प्रलाप करने से पहले बैज को पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को नहीं भूलना चाहिए, जब छत्तीसगढ़ को सत्तावादी संरक्षण में अपराधगढ़ बना दिया गया था। राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का राजनीतिकरण कांग्रेस ने किया है।

डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस अब अपराधों को लेकर सियासी पाखण्ड का प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में जारी हुई राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल के नाकारापन को रेखांकित कर रही है, जो सन 2023 की है और तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। क्या बैज अपनी सरकार के पुराने दिनों को भूल गए हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, प्रदेश में पूर्ववर्ती भूपेश सरकार का न तो लॉ एण्ड ऑर्डर पर ध्यान रहा और न ही पुलिस प्रशासन सत्तावादी संरक्षण के चलते अपराधियों पर कोई सख्त कार्रवाई कर पाया। भूपेश सरकार का पूरा ध्यान तो केवल पैसों की उगाही पर ही केंद्रित रह गया था और इस काम में समूचा पुलिस प्रशासन झोंक दिया गया था। महादेव सट्टा के काम तक में पूरा पुलिस प्रशासन झोंक दिया गया था, लेकिन बैज तब खामोश रहे और अब बैज केवल सियासी रोटी सेंकने के लिए कुछ भी कह रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के 5 वर्षों के शासनकाल में 18 सौ दिन कांग्रेस सत्ता में रही है। उन 18 सौ दिनों में एक दिन ऐसा नहीं रहा होगा जिस दिन प्रदेश में अपराध न हुआ हो।

# बैज बोले- किसानों से 1 नवंबर से हो धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दीपावली त्योहार, मातर के बाद फसल की कटाई जोरों पर चलेगी, ऐसे में धान की खरीदी तुरंत शुरू की जानी चाहिए, देर करने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। 1 नवंबर तक किसानों का धान खेतों से खलिहान में आकर बेचने के लिए तैयार हो जाएगा। 15 नवंबर से खरीदी होने पर किसानों को इंतजार करना पड़ेगा। जब से राज्य बना है, राज्योत्सव के दिन 1 नवंबर से ही धान खरीदी की परंपरा रही है, इस वर्ष भी 1 नवंबर से खरीदी हो। साय सरकार पिछले दो साल से 15 दिन देरी से 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करती है। ताकि कम किसानो का धान खरीदना पड़े। श्री बैज ने कहा, एग्रीस्टेक पंजीयन की तारीख बढ़ाने के बाद भी किसानों का पंजीयन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है, अभी भी लाखों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। पोर्टल की दिक्कतों से परेशानी पैदा हो रही है। जबकि पिछले साल लगभग 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष 10 प्रतिशत की ग्रोथ होती है तो तीस लाख से अधिक किसानों का पंजीयन होना चाहिए। अनुमानतः अभी तक 7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पा रहा, उनका सोसाइटी के माध्यम से पंजीयन कराया जाना शुरू किया जाए।

# सहकारी बैंक रायपुर के कर्मियों को चार साल से वेतनवृद्धि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं मिली है। इस मामले की शिकायत केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा सदस्य एवं छत्तीसगढ़ को-आपरेटिव बैंक एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास ने की है।

श्री व्यास ने अमित शाह एवं मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतनवृद्धि पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छ.ग. रायपुर के त्रुटिपूर्ण आदेश के कारण नहीं मिल पा रही है। इस आदेश के विरुद्ध जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में वाद दायर किया गया था, उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच एवं डबल बेंच द्वारा कर्मचारियों की मांग को जायज मानते हुए वर्ष 2021 से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के कर्मचारियों को वर्ष 2021 से वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने संबंधी आदेश पारित किया गया है। इस संबंध में याचिकाकर्ता बैंक कर्मचारियों द्वारा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, को आदेश की प्रति सहित वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने निवेदन किया गया है, किन्तु पंजीयक की हठधर्मिता के कारण कर्मचारियों को आज दिनांक तक वार्षिक वेतनवृद्धि उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद भी अप्राप्त है।




■ हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने का आरोप

### कोई आर्थिक भार नहीं आएगा

श्री व्यास ने पत्र में कहा है कि वार्षिक वेतनवृद्धि से राज्य शासन पर कोई आर्थिक भार नहीं आयेगा। बैंक द्वारा अपनी स्वयं द्वारा अर्जित आय,लाभ से कर्मचारियों को वेतन, भत्ते एवं एक्सग्रेसिया आदि का भुगतान किया जाता है।

# छठ पूजा के लिए महादेवघाट सहित 40 तालाबों की कर रहे सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेवघाट में छठ पूजा के लिए खारुन तट की सफाई का सिलसिला विगत तीन दिनों से चल रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन और छठ पूजा समितियों की संयुक्त सफाई टीम पूजा घाट को साफ-सुथरा करने के लिए जुटी है। कुछ ऐसी ही व्यवस्था बिरगांव निगम प्रशासन ने बनाई है। इस तरह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 40 तालाबों की सफाई की जा रही है। नगर निगम एवं पूजा समितियों ने रविवार शाम तक सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि सोमवार शाम को डूबते सूर्य की आराधना करने के लिए पहुंचने वाले उपासकों को बेहतर सुविधा दे सकें।



■ रायपुर और बिरगांव निगम क्षेत्र में छठ पूजा से पहले जलकुंभी और पूजा घाट सफाई का दौर तेज

### महादेव घाट में निगम कर्मी सहित पूजा समितियों के डेढ़ सौ लोग सफाई में जुटे

*राजधानी रायपुर में छठ पर्व पर सबसे ज्यादा पूजा करने वालों की भीड़ खारुन तट पर पहुंचती है। इसे देखते हुए नगर निगम यहां विशेष सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत निगम की टीम यहां पोकलेन मशीन से घाट के किनारे जमा कीचड़ निकालने की कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि घाट से शुक्रवार को एक ट्रक के बराबर कीचड़ निकाला गया। इसके साथ ही इस घाट पर पूजा समिति के सदस्य भी सफाई अभियान में जुटे हुए हैं, जो जलकुंभी निकालने के साथ ही सफाई कर रहे हैं। इस तरह घाट पर निगम कर्मियों एवं पूजा समिति के सदस्यों सहित करीब डेढ़ सौ लोगों की टीम सफाई अभियान में जुटी है।*

### इन प्रमुख तालाबों में भी सफाई अभियान जारी

रायपुर शहर में आमापारा तालाब, गुढ़ियारी मच्छी तालाब, गोगांव तालाब, हीरापुर, अमलीडीह, संतोषीनगर, खम्हारडीह तालाब, कचना तालाब सहित करीब 32 बड़े तालाबों में छठ पर्व पर पूजा करने लोगों की भीड़ जुटेगी। इसे देखते हुए इन तालाबों में भी नगर निगम के अलावा पूजा समितियों के सदस्य साफ-सफाई अभियान में जुटे हुए हैं। इसी प्रकार बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के 7 बड़े तालाब व्यास, उरला, उरकुरा, अचकोली, सरोरा, रावांभाठा सहित अन्य बड़े तालाबों में सफाई के लिए निगम कर्मचारियों की टीम लगी हुई है।

# बीए, बीकॉम, बीएससी के पूरक परिणाम जारी

**रायपुर।** रविवि द्वारा बीए, बीकॉम तथा बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्र रविवि की अधिकारिक वेबसाइट में जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं। उन्हें निर्धारित अवधि तक पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना की पात्रात रहेगी।


**आम सूचना**

(परिवर्तित भूमि वाके मौजा डुंडा प.ह.नंबर 00072 रा.नि.मं रायपुर, 1 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 403/15 रकबा 1850 वर्गफुट के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुषमा बारिक उम्र 45 वर्ष पति श्री कमलकांत बारिक निवासी 417/52 नवदुर्गा नगर, चौरसिया कॉलोनी, मठपुरैना तहसील व जिला रायपुर ने विक्रेता अनिकेत तिवारीपिता श्री राजेश तिवारी निवासी मकान नंबर 47 अर्जुन एन्क्लेव भैरव नगर संतोषी नगर रायपुर छ.ग. से उनके हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि वाके मौजा डुंडा प.ह.नंबर 00072 रा.नि.मं रायपुर, 1 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 403/15 रकबा 1850 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, मात्र उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व, आधिपत्य, एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैक, संस्था, निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रसासन आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो, मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 23.10.2025

भवदीय
सुचित्रा बर्धन अधिवक्ता/नोटरी
निवासीः- गीता सदन राजेन्द्र नगर, शिव चौक रायपुर छ.ग.
मो.नंबर 9826525536 7000017595

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 641 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनि.एम.आई.जी.-400 को **श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर** के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.10.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री अश्वनी कुमार मनहर पिता श्री छोटेलाल मनहर**, निवासी प्लाट नं. 06, वार्ड नं. 49. साई कृपा रजनीगंधा कॉलोनी के पास विद्युत नगर दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती नैन्सी पल्तानी पति श्री पुण्य प्रसन्न पल्तानी**, निवासीः- पी3बी / 10, सेक्टर-27, नया रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- सीनि एम.आई.जी.-400 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/वाचक/तह./2025 मंदिर हसौद, दिनांक 16.10.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमाकांत मुशनुरी पिता स्व. एम. कृष्णमूर्ति, निवासी-ग्राम व पोस्ट नरदहा, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-नरदहा, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर खसरा नंबर 362/16 का नया खसरा नंबर 1653 का भाग रकबा 0.040 हे. भूमि आवेदक के पिता/क्रेता एम. कृष्णमूर्ति पिता एम.बी. रमनय्या के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.07.1988 के द्वारा विक्रेता भगेला पिता फिरत क्रय किया गया है जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे विक्रेता भगेला पिता फिरत के विधिक वारिसान रंगीलाल पिता रामदयाल एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। आवेदक के पिता/क्रेता एम. कृष्णमुर्ति पिता एम. बी. रमनय्या का देहांत दिनांक 06.06.2022 को हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से विक्रेता के विधिक वारिसान का नाम विलोपित कर मृत क्रेता के विधिक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.10.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, फ्री-होल्ड संपरिर्तन निम्नानुसार किया जाना हैः-

**क्र.-1, आबंटियों का नाम**-श्री सुभाष चन्द्र कुजूर, **पिता/पति का नाम**- श्री पीटर कुजूर, **कॉलोनी का नाम**- गातापार अभनपुर, **भवन क्रमांक**- LIG-88

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर




आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

12 हाईड्रोक्लोरिक एसिड से लोड टैंकर का प्रेशर वॉल्व...





12 जोन की ट्रेनों में मिलेंगे कवर लगे कंबल, संक्रमण...




## खबर संक्षेप

### जुआ खेलने के विवाद पर दो गांवों के ग्रामीण भिड़े

**रायपुर।** राखी थाने में निमोरा तथा कुहेरा गांव के ग्रामीणों ने दो अलग-अलग मामलों में जुआ खेलने के विवाद पर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभनपुर निवासी घनश्याम साहू ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। घनश्याम ने पुलिस को बताया कि निमोरा में जुआ खेलने के दौरान विवाद होने पर गांव के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। कुहेरा निवासी टिकेश्वर खरे ने राकेश कुमार मारकंडे, हरिदास जांगड़े और हरीश कुमार जांगड़े के खिलाफ मारपीट करने शिकायत दर्ज कराई है। टिकेश्वर ने पुलिस को बताया कि राकेश तथा उसके साथियों ने उसके पिता के पैसे छीने तथा मारपीट की।

### एक ही थाना क्षेत्र में दो जगह चाकूबाजी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते दो अलग-अलग मामलों में चाकूबाजी की घटना हुई है। पहली घटना बुधवार रात साढ़े 11 बजे कृष्णापुरी चाय जोन के पास हुई। पेशे से कारपेंटर अक्षय साहू पर उसके परिचित शुभम ठाकुर ने चाकू से हमला किया। दूसरी घटना अमलीडीह पेट्रोल पंप के पास हुई, जहां गुढ़ियारी निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पर संजू यादव, आयुष दास, रामा यादव और राजेंद्र साहू ने हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। इंकार करने पर बदमाशों ने महेंद्र प्रताप पर चाकू से हमला कर दिया।

### आपसी रंजिश के चलते चाकू से किया हमला

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खालबाड़ा निवासी रामनारायण निषाद ने सचिन निषाद तथा सोहेल खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रामनारायण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर सचिन उसे बात करने के बहाने अपने साथ एक गली में ले गया। गली में ले जाने के बाद सचिन ने रामनारायण के सिर पर चाकू से दो बार वार किया। इसके बाद वहां पहले से मौजूद सोहेल ने रामनारायण की जांघ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

### किशोरी से अनाचार 10 साल कारावास

**रायपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उरला थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व किशोरी से रेप करने के आरोपी को राम कुबेर साहू को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, राम कुबेर ने किशोरी को बच्चों की देखरेख करने अपने घर में ले जाकर 7 मई 2022 को रेप किया था। राम कुबेर का परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था। इस दौरान उसने किशोरी को अपने रूम में बंद कर रेप किया।

### गांजा तस्कर को 10 वर्ष कैद, एक लाख जुर्माना

**रायपुर।** एक गांजा तस्कर को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई किरण थवाइत की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिस गांजा तस्कर को कोर्ट ने सजा सुनाई है, वह ओडिशा का रहने वाला है। एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने ओडिशा, गजपति निवासी बेनरदा बीरा (46) को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। जीआरपी ने स्टेशन परिसर के चबूतरा में संदिग्ध हालत में बैठे बेनरदा के बैग की तलाशी ली, तो बैग में गांजा मिला। पूछताछ करने पर बेनरदा ने ओडिशा से गांजा तस्करी कर खपाने लाए जाने की जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी ने बेनरदा के कब्जे से पिछले वर्ष 10 जुलाई को गांजा जब्त किया था।

# वक्फ बोर्ड से ही दस्तावेज मांगने पहुंचे दफ्तर, दस्तावेज देने के लिए मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पुरानी बस्ती के तीन लोगों को वक्फ बोर्ड के नोटिस से गरमाई राजनीति के बाद शुक्रवार को कान्हा प्रोविजन स्टोर के संचालक अरविंद अग्रवाल अपने वकील के साथ वक्फ बोर्ड के दफ्तर पहुंचे और अपने खिलाफ शिकायत करने की प्रमाणित प्रति के साथ वक्फ की जमीन पर कब्जा करने के दस्तावेज भी मांगे। इसके लिए वक्फ बोर्ड ने समय मांगा है। इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है कि कोई भी प्रमाणित दस्तावेज देने में समय लगता है, इसको तहसीलदार से प्रमाणित कराना पड़ता है। दस्तावेज प्रमाणित कराने के बाद आवेदकों को दस्तावेज दे दिए जाएंगे। वक्फ बोर्ड ने पुरानी बस्ती में रहने वाले तीन लोगों को वक्फ की जमीन पर कब्जा करने का नोटिस दिया है। इसके लिए उनको जवाब देने के लिए समय दिया गया है। इस मामले में भाजपा नेता संदीप शर्मा की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने इस मामले को उठाते हुए इस मामले में वक्फ बोर्ड को ही आड़े हाथों लिया है। उनका कहना है कि हिंदुओं को ठीक दीपावली त्योहार के समय ऐसा नोटिस देना ठीक नहीं है। 22 अक्टूबर को ठीक दीपावली के दिन नोटिस देकर दो दिनों में जवाब मांगा जाता है। इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है कि नोटिस 17 अक्टूबर को जारी करके सात दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है।

## डा. सलीम राज बोले- नियम के तहत प्रमाणित दस्तावेज देने में समय लगता है

### एक दुकानदार पहुंचा वक्फ बोर्ड

इस मामले में एक दुकानदार कान्हा प्रोविजन स्टोर के संचालक अरविंद अग्रवाल अपने वकील के साथ शुक्रवार को वक्फ बोर्ड पहुंचे और वहां पर अधिकारियों से उनके खिलाफ वक्फ की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की प्रमाणित प्रति की मांग की, साथ ही वक्फ बोर्ड से वक्फ की जमीन पर कब्जा करने के प्रमाणित दस्तावेज भी मांगे। इसके लिए वक्फ बोर्ड ने दस दिनों का समय मांगा है।



भाजपा नेता भिड़े, संदीप ने कहा- वक्फ बोर्ड कर रहा भयादोहन, सलीम बोले- किसी को बेदखल नहीं कर रहे

### माफी मांगे वक्फ बोर्ड

भाजपा नेता संदीप शर्मा का कहना है कि वक्फ बोर्ड का आचरण सही नहीं है, बिना किसी जांच और ठोस प्रमाण के पुरानी बस्ती में रहने वालों को परेशान किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड ने महज शिकायत के आधार पर ही नोटिस जारी कर दिया है। क्या वक्फ बोर्ड के पास कोई दस्तावेज हैं, जिससे यह साबित हो सके कि जमीन वक्फ बोर्ड की है। अगर उसके पास ऐसे कोई दस्तावेज नहीं हैं, तो वक्फ बोर्ड को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## छात्रों के मानसिक तनाव को दूर करने साप्ताहिक रूप से होगी काउंसिलिंग

# सोशल साइट्स और कंपीटिशन ने बढ़ाई छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति

**केस-1**

*सितंबर को बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में एक छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। छात्र नीट की तैयारी कर रहा था। शुरुआती जांच में छात्र के डिप्रेशन में होने और परीक्षा संबंधित तनाव की बात सामने आई थी।*

**केस-2**

*कुछ दिनों पूर्व भिलाई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 12वीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें एक लड़की और ब्रेकअप का जिक्र था। ऑनलाइन बेटिंग और सट्टे से भी जुड़ने की बात सामने आई थी।*

**केस-3**

*रतनपुर क्षेत्र के नेवसा स्थित निजी स्कूल में छात्रा और उसके दोस्त की बेरहमी से पिटाई और बाल पकड़कर घसीटने का मामला सामने आया। इस घटना से आहत छात्रा ने अपने घर जाकर फांसी लगा ली। उसके शरीर पर डंडों से पिटाई के निशान है। परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत रतनपुर थाने में की थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

एक समय था जब आत्महत्या के मामले युवाओं अथवा बुजुर्गों के संदर्भ में ही सुनाई देते थे, लेकिन अब टीनएज छात्र भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। देश के कई राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ गई है, विशेषकर परीक्षा के वक्त ऐसे मामले ज्यादा सामने आते हैं। आत्महत्या के इन आंकड़ों को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अब छात्रों की काउंसिलिंग करने का फैसला किया है। माशिम छात्रों की काउंसिलिंग साप्ताहिक रूप से करेगा। इसके लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर मंडल ने जारी किया है।

जारी अधिसूचना में मंडल ने कहा, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक संतुलन को ध्यान में रखते हुए उनके मानसिक तनाव को दूर करने एक विशेष हेल्पलाइन सेवा प्रारंभ की जा रही है। देश में आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव को देखते हुए हमने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस हेल्पलाइन से विद्यार्थी अपने मानसिक तनाव, घबराहट या अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त कर सकेंगे।

**आंकड़ों के मुताबिक प्रत्येक एक लाख में से 13 बच्चे कर रहे हैं सुसाइड**

**अब तक परीक्षा के वक्त ही तनाव दूर करने एक्सपर्ट देते थे टिप्स**



### शुक्रवार को मौजूद रहेंगे विशेषज्ञ

यह हेल्पलाइन सेवा माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय में संचालित की जाएगी। विद्यार्थी टोल फ्री नम्बर 1800-233-4363 पर प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस सेवा का शुभारंभ 31 अक्टूबर से किया जा रहा है। इस अवधि में योग्य मनोवैज्ञानिक एवं मनोचिकित्सक विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अनुसार, इस प्रयास से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने की दिशा में मदद मिलेगी।

### चौंकाने वाले हैं आंकड़े

नेशनल क्राइम ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2013 से 2023 तक प्रत्येक एक लाख में से 13 छात्रों ने आत्महत्या की है। एक सर्वे के मुताबिक, सोशल साइट्स के तेजी से पैर पसारने के बाद छात्रों में दोस्तों के मध्य पढ़ाई सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन और सोशल स्टेट्स को बनाए रखने का दबाव बढ़ा है। इस कारण आत्महत्या की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। कुछ समय पूर्व तक कोटा सहित अन्य एजूकेशन हब में ही आत्महत्या के प्रकरण सामने आते थे। लेकिन अब छोटे शहरों और गांवों में भी छात्रों में आत्महत्या की दर बढ़ी है।

### *परीक्षा के दौरान ही मिलती थी मदद*

*मंडल द्वारा पूर्व में भी हेल्पलाइन नंबर संचालित किए जाते रहे हैं। लेकिन इसका संचालन के केवल दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ही होता रहा है। इसमें छात्र परीक्षा संबंधित संशय दूर करने के साथ विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल करते रहे हैं। तनाव सहित अन्य तरह की मानसिक समस्याएं भी छात्र हेल्पलाइन नंबर के जरिए साझा करते रहे हैं। परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व ही इसे प्रारंभ किया जाता था, जो परीक्षा समाप्ति तक चलता था। लेकिन अब मनोवैज्ञानिक काउंसलर की सुविधा छात्रों को साप्ताहित रूप से मिल सकेगी। दूसरी ओर, हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि, एनआईटी सहित कई राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान भी हैं, जो अपने छात्रों को पहले से ही नियमित रूप से काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।*

### *संकेत देता है छात्र*

*कोई भी छात्र तुरंत ही आत्महत्या नहीं करता। वो बातचीत में या अन्य रूपों में इस ओर संकेत दे चुका होता है। छात्रों के साथ उनके पालकों की भी काउंसिलिंग ऐसे मामलों में सहायक होती है।*

*-डॉ. डीएस परिहार*
*मनो स्वास्थ्य विशेषज्ञ*

# सैफायर ग्रीन्स परियोजना के क्लब हाउस का स्वामित्व अब निवासियों की सोसाइटी के हाथों में

- रेरा द्वारा बिल्डर को क्लब हाउस सभी कॉमन एरिया, अपेक्स सोसाइटी को सौंपने एवं समस्त व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने का निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) रायपुर ने विधानसभा रोड स्थित सैफायर ग्रीन्स परियोजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रकरण में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए परियोजना के समस्त कॉमन एरिया तथा क्लब हाउस का संपूर्ण प्रबंधन और नियंत्रण परियोजना में शामिल समस्त सोसाइटी की एक अपेक्स सोसाइटी गठित कर उसे हस्तांतरण करने का आदेश दिया है।

ग्रीन्स विला रेजिडेंशियल को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर के माध्यम से बिल्डर ओम बिल्डर एवं ओम कांट्रक्शन के विरुद्ध परियोजना के समस्त कॉमन एरिया, सुविधाओं तथा क्लब हाउस के विधिवत हस्तांतरण न होने और अधूरी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परिवाद दायर किया था।


इस प्रकरण में आवेदकों की ओर से अधिवक्ता अभिनव कार्डेकर ने पैरवी की। उन्होंने प्राधिकरण के समक्ष निवासियों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए, जिसके परिणाम स्वरूप यह महत्वपूर्ण आदेश पारित हुआ। सोसाइटी का आरोप था कि बिल्डर ने अब तक परियोजना का प्रशासनिक एवं वित्तीय हस्तांतरण नहीं किया, जबकि जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, सड़क रखरखाव और सार्वजनिक सुविधाओं जैसे बुनियादी कार्य अधूरे पड़े हैं। साथ ही बिल्डर ने परिसर में जिम, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल और क्लब हाउस जैसी सामुदायिक सुविधाओं का व्यावसायिक उपयोग कर कानून का उल्लंघन किया।प्राधिकरण ने मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद पाया कि बिल्डर द्वारा परियोजना में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जो प्रावधानों का स्पष्ट ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अन्य टाउनशिप के लिए भी मील का पत्थर

समिति के अध्यक्ष दिनेश अवस्थी ने बताया कि फैसले से सभी निवासियों में हर्ष की लहर है और अब मूलभूत सुविधाओं का निवासी और बेहतर तरीके से कम बजट में उपयोग कर पाएंगे। समिति के सेक्रेटरी राजीव जैन ने बताया, यह फैसला रायपुर शहर की अन्य टाउनशिप के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। अनुराग पांडे,महेंद्र बाफना एवं सुनील अग्रवाल ने रेरा कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। सैफायर ग्रीन्स विधानसभा रोड पर स्थित प्रीमियम टाउनशिप है जिसमें 500 से अधिक परिवार निवास करते हैं।

# आंख से होते हुए दिमाग तक जा घुसी पूजा की घंटी, डीके अस्पताल में दिवाली के दिन पूरी हुई चुनौतीपूर्ण सर्जरी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खेलते-खेलते घंटी पर जा गिरी थी 9 साल की बच्ची, बिलासपुर से लाई गई थी
- दूरबीन पद्धति से बाहर निकाली घंटी, आंख और मस्तिष्क दोनों सुरक्षित

खेलते-खेलते गिरी बच्ची की आंखों में पूजा की घंटी जा घुसी। घंटी आंख के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त करते हुए मस्तिष्क तक पहुंच गई। गंभीर हालत में बिलासपुर सिम्स से डीके हास्पिटल भेजी गई 9 साल की बच्ची का आनन-फानन ऑपरेशन हुआ। डाक्टरों की विशेष टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी पूरी कर घंटी बाहर निकालने के साथ आंख और दिमाग को किसी तरह नुकसान होने से बचा लिया। बच्ची को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। बताया जाता है कि दिवाली के दिन बच्ची खेलते हुए गिरी थी और पूजा के सामान के साथ रखी घंटी उसके चेहरे पर लगी थी। घंटी सीधे उसकी बांई आंख में घुसकर दिमाग तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सुबह-सुबह ऑपरेशन

लक्ष्मी पूजा को देर रात बच्ची को डीके हास्पिटल गया था। अवकाश होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम को एकत्र किया और तमाम जांच के बाद बच्ची का सफलता के साथ ऑपरेशन पूरा किया। न्यूरो सर्जन डा. राजीव साहू ने बताया कि यह केस इसलिए भी अनोखा था, क्योंकि घंटी आंखों में घुसने के बाद रेटिना और आईबॉल को डेमैज नहीं कर पाई थी।

### न्यूरो टीम ने दिमाग, नेत्र विशेषज्ञों ने बचाई आंख

राज्य में अपनी तरह के इस पहले केस को पूरा करने के लिए न्यूरो सर्जन डॉ. राजीव साहू, डॉ. लवलेश राठौड़ तथा डॉक्टर नमन चंद्राकर, नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. प्रांजल मिश्रा एवं एनेस्थीसिया से डॉ देवश्री की टीम बनाई गई। न्यूरो सर्जरी के डाक्टरों ने उसके मस्तिष्क के डेमेज हिस्से का इलाज किया और आंखों के डाक्टरों ने आंखों का उपचार कर रोशनी जाने से बचा ली।

# नमी ने बिगाड़ रखा है मौसम, दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ आ रही नमी, ठंड गायब

बंगाल का खाड़ी से आने वाली नमी ने राज्य के मौसम को बिगाड़ रखा है। अक्टूबर का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी रात की ठंड गायब है और गर्मी से बचाव के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। अक्टूबर के अंतिम दिनों में रात का तापमान सामान्य से कम होने लगता है, मगर इस बार पारा तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है।


मानसून की विदाई के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने से कुछ दिनों तक सुबह के वक्त ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद ठंड का प्रभाव धीरे-धीरे कम होने लगा और वर्तमान में गर्मी महसूस होने के कारण राहत के लिए एसी का सहारा लेना पड़ ▶▶| शेष पेज 12 पर

# दिवाली के बाद अब फ्लाइट का रिटर्न टिकट हुआ महंगा, कुछ शहरों का किराया 15 हजार से ज्यादा

- डिमांड में रहने वाली दिल्ली के साथ बेंगलुरु, पुणे, इंदौर का फेयर ज्यादा
- छठ पूजा का प्रभाव, प्रयागराज, लखनऊ जाने का खर्च 12 हजार से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली का त्योहार बीतने के बाद रायपुर से विभिन्न शहरों का रिटर्न टिकट लेने वालों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। छुट्टी मनाकर लौटने वालों की संख्या अधिक होने की वजह से एक-दो फ्लाइट वाले शहरों का फेयर 15 हजार से अधिक हो गया है। हमेशा डिमांड में रहने वाली दिल्ली के साथ बेंगलुरु, पुणे और इंदौर जैसे शहरों का किराया भी आसमान पर है।



दिवाली के पहले आने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने की वजह से विभिन्न शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट का टिकट महंगा था। अब त्योहार की छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं, जिसकी वजह से अपने कार्यस्थल लौटने वालों को वापसी के टिकट पर ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए रवाना होने वाली ज्यादातर फ्लाइट का न्यूनतम फेयर दस हजार से ऊपर हो गया है। जिन सेक्टरों में एक-दो फ्लाइट आती-जाती है, उनके लिए तो 15 हजार से ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ रही है। ट्रैवल्स कारोबारियों के मुताबिक दिवाली का प्रभाव रायपुर से वापसी के टिकट पर आठ से दस दिन रहने की संभावना है। केवल रायपुर से प्रयागराज और लखनऊ जाने वाले यात्रियों को ही सामान्य से अधिक किराया देना पड़ रहा है। इसकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ऐसा है एक दिन पहले का किराया

ट्रैवल्स कारोबारियों के मुताबिक अभी रायपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के लिए 11 से 17 हजार, बेंगलुरु का फेयर 16 हजार, पुणे का 15, हैदराबाद का 14 से 17 हजार, भोपाल 75 सौ, इंदौर 12 से 14 हजार, कोलकाता का फेयर 10 हजार तक पहुंच रहा है। इसके साथ छठ पूजा की वजह से डिमांड बढ़ने से प्रयागराज और लखनऊ का किराया भी क्रमशः 12 से 10 हजार तक पहुंच गया है।

### नये डायरेक्टर की होगी नियुक्ति

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में नये डायरेक्टर के रूप में योगेश नागाइच को पदस्थ किए जाने की चर्चा है। पूर्व निदेशक एसडी शर्मा के तबादले के बाद विमानतल का कामकाज प्रभारी डायरेक्टर के रूप में केके लहरे पिछले आठ माह से संभाल रहे हैं। नये डायरेक्टर अभी उदयपुर एयरपोर्ट में पदस्थ हैं और आने वाले दिनों में उनके रायपुर आने की संभावना है।

# नवविवाहिता खुदकुशी, गिरफ्तार

## पति के साथ सास, ससुर, देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पति तथा ससुरालियों के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना के आरोप का वीडियो बनाकर खुदकुशी करने वाली महिला के पति, सास, ससुर तथा देवर को डीडीनगर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। नवविवाहिता ने 21 अक्टूबर को अपने कमरे में हाथों की नस काटकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने चारों आरोपियों ▶▶| शेष पेज 12 पर


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस पर स्कूलों व कॉलेजों में अवकाश घोषित

**रायपुर।** राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 नवंबर को प्रदेश के विद्यालयों और महाविद्यालयों में शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। एक नवंबर को शनिवार होने के कारण पूर्व से ही समस्त शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अवकाश है। अब स्कूल-कॉलेजों में भी छुट्टी घोषित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि उक्त स्थानीय अवकाश बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान के लिए लागू नहीं होगा।

### फीडबैक देने महापौर ने लोगों से की अपील

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शहर की जनता से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को प्रथम रैंकिंग मिल सके। इसके लिए फीडबैक देने की अपील की है। महापौर के अलावा सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित अन्य एमआईसी सदस्यों ने भी लोगों से अधिका से अधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देकर शहर के प्रति अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाने की अपील की।

### दिवाली छुट्टी खत्म होने के बाद भी कई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे

**रायपुर।** दिवाली की छुट्टी खत्म होने के बाद भी कलेक्टोरेट के कई विभागों के कार्यालयों में कई कर्मचारी शुक्रवार को भी छुट्टी पर रहे। इसके कारण इन विभागों में कामकाज भी प्रभारित रहा। दिवाली में शासकीय कर्मचारियों को सोमवार एवं मंगलवार को अवकाश घोषित किया था, लेकिन कई कर्मचारी बुधवार, गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी अवकाश पर रहे है। इनमें आबकारी, कृषि, आदिमजाति विकास, पंजीयन कार्यालय, प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग के अलावा जिला पंचायत कार्यालय के कुछ विभागों के कार्यालय में भी कर्मचारी छुट्टी पर रहे।

### छग सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन कल


**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत का दीपावली मिलन समारोह रविवार 26 अक्टूबर को शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी व पवन प्रीतवानी ने बताया कि भगवान श्रीराम एवं साईं झूलेलाल की स्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शाम 7 बजे से दीपक उदासी एवं टीम द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इस मौके पर शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, चकरभाटा के भगवान झूलेलाल धाम के संत साईं लालदास, देवपुरी गोदड़ीवाला धाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं संतजन आशीर्वाद देने उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहर की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखीगणों, सामाजिक संस्थाओं एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान रात्रिभोज का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, राधाकिशन सुंदरानी, रवि ग्वालानी, दिनेश अठवानी, राजेश वासवानी समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य शामिल होंगे।

# पहली बार स्टेशनों में गूंजने लगे छठ पर्व के गीत, 20 से अधिक स्टेशनों में शुरू हुई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया छठी माई के करब हम वरतिया कांच ही बांस के बहंगिया..,जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों एवं टीवी डिस्प्ले से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है। हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं। अपने परिवार संग छठ पूजा मनाने जाने वाले लोगों के लिए इस वर्ष भारतीय रेल ने 12000 से अधिक विशेष ट्रेनों तथा हजारों नियमित ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को उनके घर शहर पहुंचने का जिम्मा लिया है और सफलतापूर्वक अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया है, लेकिन स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की सोंधी संस्कृति से जोड़ रही है।

**स्टेशन की उद्घोषणा प्रणाली से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत किया जा रहा**



#### 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे

रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशन ऑन रायपुर दुर्ग भिलाई पावर हाउस भाटापारा तिल्दा नेवरा सहित 20 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। रेलवे इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री खुशी व्यक्त कर रही हैं। लोक आस्था का महान पर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। छठ घाटों की ओर जाने वाली महिलाएं समूह में छठ के गीत गाते चलती हैं और छठी मैया से अपने, परिवार, समाज और देश के लिए आशीष मांगती हैं। दूर दराज से ट्रेन पड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

## मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता

# छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों को हाईकोर्ट के आदेश पर मिलेगी बदहाली से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के मुक्तिधामों में बरसों-बरस से चली आ रही अव्यवस्था की बदहाली से अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुक्ति मिलेगी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के बाद पंचायतों, नगरीय निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ को आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये है कि सुविधाएं जुटाने के लिए डीएमएफ, सीएसआर, निकाय निधि और 15वें वित्त आयोग मद से भी राशि का उपयोग करने की अनुमति दी गई है।

- सूडा ने सभी निकाय प्रमुखों के लिए जारी किया आदेश

**ये है मामला :** दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर की गई एक जनहित याचिका पर आदेश जारी कर मुक्तिधामों की अव्यवस्था सुधारने कहा गया है। खास बात ये है कि खुद अदालत ने आदेश में कहा है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है। यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है।

**अब मुक्तिधामों में करनी होगी ये व्यवस्था :** सूडा ने सभी नगरीय निकाय से कहा है कि मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई 15 दिन में करे। इसके लिए अभियान चलाएं। समय-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सफाई कर्मी लगाकर की जावें। नगरीय निकाय द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जावें। मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेंसिंग लगाएं। जिन निकायों में डीएमएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है, यहां लोहे के कटीली तार के माध्यम से फेसिंग कराएं। टूटे हुए प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत एवं मुक्तिधाम परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत निकाय में उपलब्ध राशि या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल करें। मुक्तिधाम में एक हैण्डपंप की व्यवस्था,आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था हो। हर नगरीय निकायों में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति प्राप्त की जाए। यह प्रस्ताव तत्काल भेजें। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) से मुक्तिधाम परिसर में 2 शौचालय (पुरुष एवं महिला) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजे।

#### सूडा ने जारी किया आदेश

हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीईओ के लिए आदेश जारी किया है। सूडा ने मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार के लिए कहा है। यह भी बताया है कि एक आदर्श मुक्तिधाम में किस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए।




#### खर्च के लिए खुलेगा खजाना

मुक्तिधाम की बदहाली दूर करने के लिए निकायों के पास धन की कमी होती है, लेकिन अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद रकम की कमी नहीं होगी। सूडा ने कहा है कि सुविधाओं के लिए जिला खनिज न्यास मद, सीएसआर, निकाय निधि एवं 15वें वित्त आयोग आदि मदों की राशि का उपयोग करें। इसके साथ ही मुक्तिधाम में संपन्न अंतिम संस्कार का निकाय के माध्यम से व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाए तथा मुक्तिधाम परिसर में हेल्पलाईन तथा शिकायत निवारण हेतु जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नम्बर सहज दृश्य स्थानों पर लिखवाएं। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इस का सतत मॉनिटरिंग करें।

# हाईट्रोक्लोरिक एसिड से लोड टैंकर का प्रेशर वॉल्व फटा, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



औद्योगिक उपयोग के काम आने वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड से भरे टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने से शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना आरंग-अभनपुर मार्ग की है। टैंकर का प्रेशर वाल्व फटने की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रोड क्लीन करने के साथ आवागमन को एक तरफ से रोका गया। रोड क्लीन होने के बाद सामान्य रूप से आवाजाही शुरू हो पाई।

- एसिड सड़क के चारों तरफ फैला, आवागमन बाधित

मंदिर हसौद पुलिस के अनुसार विशाखापट्टनम से हाईड्रोक्लोरिक से लोड टैंकर रायपुर के लिए निकला था। आरंग-मंदिर हसौद मार्ग पर टैंकर का प्रेशर वाल्व फट गया। वाल्व फटने से एसिड पूरी सड़क पर फैल गया। एक अन्य ट्रक चालक ने टैंकर चालक को वाल्व फटने की जानकारी दी। इसके बाद टैंकर चालक ने साइड में गाड़ी खड़ी की। सड़क में एसिड फैलने से धुंआ उठने लगा। जानकारी मिलने पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने एसिड पर पानी का छिड़काव कर रोड साफ किया। इसके साथ ही जहां से एसिड निकल रहा था, वहां पानी का छिड़काव किया। घटना सुबह नौ बजे की है, इस वजह से रोड में ट्रैफिक का दबाव कम था। इस वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई।

#### मेटल क्लीन करने के काम आता है

हाईड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल घर के टॉयलेट, टाइल्स की सफाई करने के काम में आता है। इसके अलावा उच्चगुणवत्ता वाला हाईड्रोक्लोरिक एसिड उद्योगों में मेटल क्लीन करने के काम आता है। विशाखापटनम से ट्रांसपोर्ट कर लाया जा रहा हाईड्रोक्लोरिक एसिड धरसींवा, बंजारी स्थित एक मेटल उद्योग के लिए लाया जा रहा था।


# तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट में 2777 नाम, 395 सीटों की आवंटन सूची रविवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एमबीबीएस-बीडीएस के तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। सूची में 2777 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। इस आधार पर 395 सीटों की आवंटन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सूची का प्रकाशन रविवार को किया जाएगा। शेड्यूल के अनुसार इस मॉपअप राउंड में प्रवेश की प्रक्रिया 28 से 31 अक्टूबर तक पूरी होगी।

- 28 से 31 अक्टूबर तक होगा एडमिशन

काउंसिलिंग की इस प्रक्रिया पर दिवाली का ब्रेक लगा था जो अब समाप्त हो चुका है। नए आवेदन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को मेरिट सूची का प्रकाशन किया है। इसमें एमबीबीएस और बीडीएस की खाली सीटों के लिए 2777 लोगों के नाम शामिल हैं। प्रावीण्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन किया जाएगा और माहांत तक स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निजी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़ने के बाद मॉपअप राउंड में बीडीएस सहित कुल 395 सीटों को शामिल किया गया है। राज्य में इस बार 15 मेडिकल कालेज और 7 डेंटल कालेज में बीडीएस का एडमिशन दिया जा रहा है।



#### नर्सिंग में एडमिशन 26 तक

इधर नर्सिंग कालेजों में एडमिशन की प्रक्रिया 26 अक्टूबर तक पूरी की जा रही है। जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड हुई सीटों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किए जाने की वजह से नर्सिंग काउंसिलिंग कमेटी को हाईकोर्ट से भी फटकार लग चुकी है। अभी बीएससी नर्सिंग में प्रवेश की प्रक्रिया न्यूनतम 50 अंक के नियम के आधार पर की जा रही है। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

## बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी

# धान खरीदी से पहले सोसाइटी कंप्यूटर आपरेटर आंदोलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के कंप्यूटर आपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित हो रहे हैं। इन लोगों ने शुक्रवार को आंदोलन की शुरुआत कर दी है। इनका कहना है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो 12 नवंबर से अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जाएगा। राज्य में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होनी है। अगर मांगें नहीं मानी गईं और आंदोलन तेज हुआ, तो धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

#### ये हैं चार सूत्रीय मांगें

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री समेत प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष अपनी प्रमुख चार सूत्रीय मांगें रखी हैं। कंप्यूटर ऑपरेटरों को 12 माह का वेतन दिया जाए। वर्षों से कार्यरत ऑपरेटरों को नियमित किया जाए। धान खरीदी केंद्रों पर कार्यरत समिति कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। धान में सूखत (नमी की कमी) आने पर कर्मचारियों पर दर्ज होने वाले एफआईआर की व्यवस्था समाप्त की जाए।

#### ये है आंदोलन की रूपरेखा

संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए चरणबद्ध आंदोलन कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत 24 अक्टूबर को सभी जिलों में जिला मुख्यालयों पर प्रतीकात्मक रैली और ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 3 नवंबर को संभाग स्तरीय आंदोलन को तेज किया जाएगा। 12 नवंबर से, यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं, तो प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

# जोन की ट्रेनों में मिलेंगे कवर लगे कंबल, संक्रमण की आशंका होगी कम, लंबे समय तक रहेगा टिकाऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर



ट्रेन में सफर के दौरान अक्सर यात्रियों की रेलवे से शिकायत रहती है कि उन्हें गंदा व उपयोग किया हुआ कंबल दिया गया है। अब रेलवे ने इस समस्या को खत्म करने के लिए नई व्यवस्था बनाई है, जिसका लाभ जल्द ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों व जोन की ट्रेनों में भी यात्रियों को मिलेगी। रेलवे अब यात्रियों को कवर लगे हुए कंबल मुहैया कराएगा। इस दिशा में अब दपूमरे की तैयारियां शुरू होने वाली हैं।

- ट्रेनों में यात्रियों को कंबल कवर की नई सुविधा जल्द, रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों और जोन की ट्रेनों में भी मिलेगी
- पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे, जिससे यात्री उनकी सफाई को लेकर चिंतित रहते थे

बीते दिनों रेलमंत्री के आदेश पर सभी जोन में सभी ट्रेनों के वातानुकूलित कोच में यह व्यवस्था बनाने में अधिकारी जुट गए हैं। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के बाद दपूमरे की ट्रेनों में यह शुरू किया जाएगा।

बता दें कि पहले कंबल बिना कवर के दिए जाते थे। रेलवे के सेट बेडरोल और कंबलों का वितरण होता है। इन बेडरोल में चादर, तकिया, तौलिया और अब कवर लगे कंबल शामिल होंगे। इससे यात्रियों को अधिक स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक यात्रा का अनुभव मिलेगा। जानकारी के मुताबिक स्टेशन से होकर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के बीच चलने वाली ट्रेनों में यह सुविधा पहले मिल सकती है। सीपीआरओ डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने बताया कि जोन में भी सुविधा मिलेगी। धीरे-धीरे व्यवस्था बनाकर लागू की जाएगी।

#### इन बातों का रखा गया है ध्यान

जानकारी के अनुसार, कंबल कवर बनाते समय दो बातों पर खास ध्यान दिया गया है। पहला, ये लंबे समय तक टिकाऊ रहें, और दूसरा, इन्हें धोना आसान हो तथा प्रिंट फीका न पड़े। सांगानेरी प्रिंट की खासियत है कि यह मजबूत और चमकदार है, जो बार-बार धोने पर भी इनकी सुंदरता बनी रहेगी। ये कवर न केवल कंबल को साफ-सुथरा बनाए रखेंगे, बल्कि यात्रियों को कम्फर्टेबल और सुखद अनुभव भी देंगे।

#### कवर लगने से सफाई आसान होगी

रेलवे बोर्ड सभी ट्रेनों की एसी श्रेणियों में लागू किया जा रहा है। कंबलों पर खोल (कवर) लगाने से उनकी सफाई आसान होगी और हर यात्रा के बाद खोल बदले जा सकेंगे। इससे संक्रमण की आशंका कम होगी। यह कवर न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि साफ-सफाई बनाए रखना भी यहां आसान होगा। इससे यात्रियों को स्वच्छ और कम्फर्टेबल अनुभव मिलेगा। रेलवे का मानना है कि इससे यात्रियों की शिकायतें कम होंगी और यात्रा का स्तर और भी बेहतर बनेगा।

### कृष्ण मित्र फाउंडेशन का दीपावली मिलन कल

**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारियों का दीपावली मिलन तथा सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया है।इस दौरान ऐसे वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सहयोगी, जिनका श्मशानघाट के विकास, संरक्षण, संवर्धन में योगदान है, उनका सम्मान कार्यक्रम फाउंडेशन के कार्यालय में शाम 5 बजे से किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव एवं सचिव गोवर्धन झंवर ने यह जानकारी दी।

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## पेज 11 के शेष

#### सैफायर ग्रीन्स परियोजना ...

उल्लंघन है। साथ ही बिल्डर ने निवासियों से क्लब एवं मेंटेनेंस शुल्क तो वसूल किया, पर उसका उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार नहीं किया गया। प्राधिकरण ने बिल्डर के इस तर्क को अस्वीकार कर दिया कि विक्रय विलेख में क्लब हाउस का स्वामित्व और आधिपत्य हमेशा बिल्डर के पास रहेगा और क्रेता निवासियों को इस बात की जानकारी शुरू से थी। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि क्लब हाउस कॉमन सुविधाओं का अभिन्न हिस्सा है और इस पर बिल्डर का किसी भी प्रकार का स्वामित्व या अधिकार नहीं हो सकता। इस आधार पर बिल्डर का तर्क खारिज करते हुए क्लब हाउस को निवासियों की अपेक्स समिति को हस्तांतरित करने का आदेश दिया गया है।

#### आंख से होते हुए दिमाग...

पहुंच गई थी। हादसे का शिकार हुई बच्ची को घरवाले उपचार के लिए बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज ले गए थे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसी हालत में डीके हास्पिटल भेजा गया था। मासूम बच्ची के केस के बारे में जानने के बाद डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा एवं उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने न्यूरोसर्जरी और नेत्र रोग विभाग के डाक्टरों की विशेष टीम बनाकर जरूरी ऑपरेशन की तैयारी कर ली थी। बच्ची के आने के बाद आवश्यक जांच कर उसे ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। दूरबीन की मदद से चुनौती भरा ऑपरेशन पूरा करने के बाद घंटी को दिमाग के क्षतिग्रस्त हिस्से से बाहर निकालकर रिपेयर किया गया था। इसके बाद नेत्ररोग विशेषज्ञों ने घंटी से क्षतिग्रस्त आंख की सफलतापूर्वक मरम्मत की। बच्ची को आवश्यक इलाज के लिए अभी डीके हास्पिटल में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सर्जरी के बाद वह खतरे से बाहर बताई गई है।

#### नमी ने बिगाड़ रखा है मौसम...

रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक नमी की वजह से बादल छा रहे हैं जो रात बड़ी होने के बाद जमीन को ठंडा नहीं होने दे रही है। वहीं हवा की दिशा में भी बदलाव नहीं हो रहा, जिसकी वजह से इसमें शुष्कता नहीं आ पा रही है। अगले दो दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। शुक्रवार को शहर में धूप-छांव का माहौल बना रहा और अधिकतम पारा 32.7 डिग्री तक पहुंचा। वहीं नमी के साथ वनक्षेत्र होने की वजह से बचेली, दंतेवाड़ा में 3 सेमी. तक बारिश हो गई। राज्य में अभी अंबिकापुर और पेंड्रा इलाके में ही सुबह के वक्त हल्की ठंड महसूस हो रही है।

#### दिवाली के बाद अब ...

वजह उत्तर भारत में जोर-शोर से मनाई जाने वाली छठ पूजा है। ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं होने और भीड़ वाले सफर से बचने के लिए लोग फ्लाइट के माध्यम से उन क्षेत्रों की उड़ान भर रहे हैं, जिसकी वजह से वहां का फेयर बढ़ा हुआ है।

#### नवविवाहिता खुदकुशी...

को महिला द्वारा लगाए गए आरोप के आधार पर गिरफ्तार किया है। मंजूषा गोस्वामी खुदकुशी मामले में पुलिस ने नवविवाहिता के पति पुर्वेंद्र पुरी गोस्वामी, देवर अभिषेक, सास पुष्पलता, ससुर विजय गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का भी अपराध दर्ज किया है। महिला ने खुदकुशी करने के पूर्व अपने मोबाइल में वीडियो बनाकर आरोप लगाया था कि शादी के बाद से उसे उसके ससुराल वाले मारपीट करने के साथ दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। घटना दिनांक को टीवी देखने तथा रिमोट छीनने के विवाद पर पूर्वेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## जॉब लाइव

# बीएसएफ में कॉन्स्टेबल जीडी के 391 पदों पर करें आवेदन, दसवीं पास युवाओं के लिए मौका




**रायपुर।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की ओर से कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएसएफ की ओर से यह भर्ती स्पोर्ट्स कोटा के तहत निकाली गई है। जो उम्मीदवार कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। बता दें, इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कॉन्स्टेबल जीडी के कुल 391 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 04 नवंबर, 2025 रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं। कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 21,700 रुपए से लेकर 69,100 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

### कक्षा दसवीं में उत्तीर्ण अनिवार्य

*इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदावरों ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों ने दो वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय खेल का प्रतिनिधित्व किया हो या कोई पदक जीता हो। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एप्लीकेशन फीस का भुगतान भी करना होगा। सामान्य, ओबीसी पुरुष उम्मीदवारों के लिए एप्लीकेशन फीस 159 रुपए निर्धारित की गई है।*

### इन स्टेप्स से करें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

*इन पदों पर आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **rectt.bsf.qov. in** पर जाकर विजिट करें। इसके बाद वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करें। एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करने के बाद मांगी गई जानकारी दर्ज करें। अब शैक्षणिक योग्यता की जानकारी को दर्ज करके निर्धारित एप्लीकेशन फीस का भुगतान करें। अंत में फॉर्म सबमिट करने के बाद इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।*



शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय देश का पहला डिजिटल म्यूजियम

# अंग्रेजी हुकूमत के उत्पीड़न और आदिवासी वीरों के विद्रोह को स्टैचू, बैकग्राउंड साउंड से किया जिंदा


अंग्रेजी हुकूमत के उत्पीड़न की आग में जलते आदिवासियों के घरों के दृश्य और महिलाओं, बच्चों के चीख-पुकार की आवाज हृदय को विचलित कर विद्रोह की भाव जागृत कर दे रही है। वहीं अंग्रेजों के इस उत्पीड़न के खिलाफ आदिवासी समुदायों व नायकों के विद्रोह, संघर्ष और शौर्य का दृश्य दर्शकों की रग-रग में देशभक्ति का जज्बा जगा रहा है।

**रायपुर।** यह जीवंत दृश्य है, अटलनगर नवा रायपुर में निर्माणधीन देश के पहले डिजिटल ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम शहीद वीरनारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय का, जहां अतीत में अंग्रेजी हुकूमत के जुल्म और आदिवासी वीरों के विद्रोह को स्टैचू, एचडी इफेक्ट स्क्रीन व बैकग्राउंड साउंड की तकनीकी माध्यम व नायाब शिल्पकारी से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसे राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती महोत्सव के मौके पर प्रदेशवासियों को समर्पित किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार इस वर्ष छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्योत्सव को रजत जयंती के रूप में मना रही है। छत्तीसगढ़ में जनजातीय वर्गों के ऐतिहासिक गौरव गाथा, शौर्य और बलिदान का प्रतीक स्मारक सह-संग्रहालय धरातल पर दिखाई पड़ रहा है। यह निर्माणाधीन संग्रहालय सदियों के लिए आने वाली नई पीढ़ियों को पुरखों का याद दिलाता रहेगा। यह संग्रहालय न सिर्फ आदिवासी वर्गों के लिए, बल्कि सभी वर्गों सहित देश-विदेश के लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद बनेगा। इस जीवंत संग्रहालय के माध्यम से लोगों में बड़ी से बड़ी ताकतों के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ विद्रोह करने की गाथा का पता चलेगा। प्रदेश का पहला संग्रहालय है, जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथा एवं बलिदान को समर्पित है। राज्योत्सव के मौके पर प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। संग्रहालय में डिजिटलीकरण कार्य, पार्किंग व्यवस्था, सॉवेनियर शॉप, गार्डनिंग, वॉटर सप्लाई की व्यवस्था को विकसित किया गया है।

### बेंगलुरु, दिल्ली के टेक्नीशियन और प. बंगाल के मूर्तिकारों ने संवारा



आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में साकार रूप में ले रहे शहीद वीरनारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय को बेंगलुरू व दिल्ली के डिजिटल टेक्नीशियनों ने एचडी इफेक्ट स्क्रीन, लाइटिंग, डिजिटल बोर्ड जैसी टेक्नोलॉजी से लैस बनाया है। वहीं प. बंगाल के मूर्तिकारों ने स्टैचू का निर्माण किया गया है। इस तरह से तकनीकी व शिल्पकारी से संग्रहालय को जीवंत रूप दिया गया है।





### वीएफएक्स टेक्नॉलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क से तैयार संग्रहालय

गौरतलब है कि यह स्मारक सह-संग्रहालय छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बारीकी के साथ अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफएक्स टेक्नोलॉजी और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया रहा है। संग्रहालय देखने वाले आगंतुकों को आदिवासी विद्रोह का वर्णन देखने स्टैचू के पास ही डिजिटल बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। आगंतुक संग्रहालय में आदिवासी विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेंगे। वहीं प्रत्येक गैलरी में बनाई गई जीवंत प्रस्तुति के सामने स्कैनर से मोबाइल द्वारा स्कैन कर संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

### 16 गैलरी में सोनाखान क्रांति से लेकर जंगल सत्याग्रह तक की जीवंत झलक

शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन 14 गैलरी में किया जा रहा है। वहीं जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर एक-एक गैलरी का भी निर्माण किया जा रहा है।

# अमेरिका में भारतीय परंपरा की रही रौनक

**रायपुर।** हिंदी यूएसए सेंट लुईस की ओर से इस वर्ष का नवरात्रि-दीपावली उत्सव उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। खास बात यह रही कि इस आयोजन में रायपुर और छत्तीसगढ़ से जाकर वहां रह रहे लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी दी। इस रंगारंग कार्यक्रम में 450 से अधिक भारतीय व अन्य देशों के लोगों ने भाग लिया और पूरे आयोजन ने एकता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन हिंदी यूएसए सेंट लुईस की आयोजन समिति की प्रमुख डॉ. अंशु जैन ने किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और विदेश में इस आयोजन को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। डॉ. अंशु इस्पात नगरी भिलाई के विख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. एम. एल. जैन की पुत्री हैं। वहीं डॉ. अंशु के पति मयंक जैन भी भिलाई से हैं। मयंक वहां हिंदी यूएसए के संस्थापक है। उनके पिता सुरेश चंद जैन भिलाई के वरिष्ठ व्यवसायी हैं।



### हिंदी यूएसए सेंट लुईस को प्रशासन स्तर पर मान्यता दिलाने प्रयास जारी

हिंदी यूएसए सेंट लुईस के संस्थापक मयंक जैन ने इस अवसर पर कहा-"दुनिया के किसी भी कोने से आने वाला समुदाय भाषा व धर्म के माध्यम से एकजुट होता है। अमेरिका में भारतवासियों का धर्म के माध्यम से जुड़ना स्वाभाविक है, लेकिन भाषा के जरिए समुदाय बनाना एक अलग और अनूठा प्रयास है। सेंट लुईस में हिंदी यूएसए इसका पहला उदाहरण है, जो हिंदी भाषा के माध्यम से बच्चों और परिवारों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।"

# संत नामदेव जयंती पर होंगे 9 नवंबर को विविध आयोजन

**रायपुर।** राजधानी में 9 नवंबर को संत शिरोमणि संत नामदेव जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन कालीबाड़ी स्थित रवींद्र मंच में मनाया जाएगा। जिला नामदेव समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अविनाश नामदेव ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में 1 नवंबर को परम पूज्य संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 756वीं जयंती बड़े धूम-धाम से मनायी जाएगी। इस अवसर पर 9 नवंबर को भव्य आयोजन समाज के युवा-युवती प्रकोष्ठ जिला शाखा रायपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जयंती कार्यक्रम में हजारों की संख्या समाज के लोग शामिल होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से कार्यक्रम में समाज के प्रमुख सहित नामदेव समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नामदेव समाज के तमाम युवा सदस्य शहर में रहने वाले सामाजिक लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण कार्ड देकर 1 और 9 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह कर रहे हैं। जयंती कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### सीएम को समाज प्रमुखों ने दिया निमंत्रण

सीएम को निमंत्रण देने के दौरान नामदेव समाज के प्रांतीय संरक्षक व अध्यक्ष योगाचार्य केएल नामदेव, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता महेंद्र नामदेव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अविनाश नामदेव, युवा समाजसेवी हृदेश वर्मा शामिल रहे।

## सिटी इवेंट

# गुजरात में मोदी-शाह को बस्तर की संस्कृति सृजन और प्रगति की गाथा दिखाएंगे रिखी



**रायपुर।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनका समूह छत्तीसगढ़ बस्तर की तरक्की को गौर नृत्य के माध्यम से समूचे देश को दिखाएगा। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के आयोजनों की श्रृंखला में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एकता नगर गुजरात में 31 अक्टूबर को होने जा रहा है।इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी रहेगी। यहां देश भर से 7 राज्यों के चुनिंदा सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनका समूह छत्तीसगढ़-बस्तर की झांकी संग गौर नृत्य की प्रस्तुति देगा। रिखी व उनका समूह बुधवार को भिलाई से गुजरात के लिए रवाना हो गया है। उल्लेखनीय है कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के दो साल के समारोह की शुरुआत पिछले वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को हुई थी। इसी कड़ी में इस वर्ष 31 अक्टूबर को भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस झांकी के साथ रिखी क्षत्रिय का समूह गुजरात में 2 नवम्बर तक एकता नगर, गुजरात में रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से इस संबंध में रिखी क्षत्रिय के नाम पत्र जारी किया गया है। जिसके अनुसार जनसंपर्क संचालनालय की ओर से सहायक जनसंपर्क अधिकारी तेज बहादुर सिंह भुवाल टीम लीडर होंगे।



### रक्षा व गृह मंत्रालय की समिति ने किया है चयन


गुजरात में प्रदर्शित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी की थीम "बस्तर की धरती-संस्कृति, सृजन और प्रगति की गाथा है। इसका चयन रक्षा व गृह मंत्रालय भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति ने किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर को देखते हुए रिखी क्षत्रिय व उनकी टीम ने भी खूब मेहनत की है। कुहूकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर में इस विशेष प्रस्तुति के लगातार अभ्यास चलता रहा। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि झांकी में गौर नृत्य की प्रस्तुति होगी, जिसके लिए वहां जाने वाले दल के सभी कलाकारों ने तैयारी की है। गुजरात जाने वाले कलाकारों में प्रदीप ठाकुर बालोद, भीमेश सतनामी बेमेतरा, सुनील कुमार बालोद, पारस रजक कैंप दो भिलाई, वेद प्रकाश बालोद, प्रियंका साहू कुम्हारी दुर्ग, हेमा पाटन, तुलसी ध्रुव भिलाई चरोदा, लीना ध्रुव भिलाई चरोदा, नेहा देवांगन कैंप-2 और सीमा विश्वकर्मा कलंगपुर बालोद शामिल हैं।

## कार्नर न्यूज

कोरोना के बाद कुत्तों में आक्रामकता बढ़ी : पेट्स ट्रेनर

# डॉग बाइट्स के बढ़ते मामलों के बीच जागरूक हो रहे पेट पैरेंट्स, पालतू जानवरों को भेज रहे ट्रेनिंग सेंटर

**रायपुर।** इन दिनों डॉग बाइट्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में अब पेट पैरेंट्स अपने डॉग्स और कैट्स के व्यवहार में सुधार लाने के लिए उन्हें ट्रेनिंग सेंटरों में भेजने लगे हैं, ताकि वे परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों के साथ सहज रह सकें। हरिभूमि से चर्चा के दौरान ट्रेनिंग सेंटर के संचालकों ने बताया, कोविड-19 के बाद पालतू डॉग्स में अग्रेसिवनेस बढ़ी है। लॉकडाउन के समय घर में सीमित रहने और बाहरी लोगों से कम मेलजोल के कारण कई पालतू जानवरों में सोशलाइजेशन की कमी देखी जा रही है। यही वजह है कि अब कई कुत्ते अचानक घर के सदस्यों पर भी भौंकने या उन्हें काटने लगे हैं। पेट पैरेंट्स पालतू जानवरों के व्यवहार को बेहतर बनाने उन्हें सही समय पर ट्रेनिंग सेंटर भेज रहे हैं, ताकि उन्हें परिवार के साथ फ्रेंडली नेचर के साथ ट्रेन किया जा सकें। शहर के पेट ट्रेनर्स ने बताया कि पैट्स को ट्रेन करने का सही समय बचपन में ही होता है, बड़े होने के बाद उन्हें ट्रेन करना मुश्किल हो सकता है। वहीं किसी भी ब्रिड का पेट खरीदने से पहले उनके व्यवहार और जरूरतों को समझना जरूरी है, ताकि वे परिवार के किसी सदस्य को नुकसान न पहुंचाएं।





### ट्रेनिंग सेंटर में सिखाई जा रही सही देखभाल

भाठगांव स्थित जेड-9 अकादमी से ट्रेनर अभिराम तामंग ने बताया कि कोरोनाकाल से ही इस तरह की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। कई डॉग्स और कैट्स अब अपने ही पैरेंट्स पर हमला करने लगे हैं। यह समस्या खासकर 2-3 साल के पेट्स में अधिक देखने को मिल रही है। ट्रेनिंग सेंटर में पालतू जानवरों को कई प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वे परिवार और समाज में फ्रेंडली तथा बेहतर व्यवहार के साथ रह सकें। बेसिक ट्रेनिंग से शुरुआत की जाती है, जहां उन्हें खाना, बैठना और पैरेंट्स की बात मानना सिखाया जाता है। वहीं परिवार के सदस्यों के साथ रहना, सिक्योरिटी डॉग ट्रेनिंग और सर्विस डॉग्स ट्रेनिंग दी जा रही है।

### डॉग ट्रेनिंग सेंटर में पालतू पेट्स को सिखा रहे बेहतर व्यवहार

अवंती विहार स्थित पेट्स सुपर मार्केट के ट्रेनर दीपक रंघारी ने बताया कि सेंटर में पालतू कुत्तों के व्यवहार सुधारने और सोशलाइजेशन के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। यहां पॉमेरियन, पग, बीगल, शिहत्जु, बुलडॉग, जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर रिट्रीवर, गोल्डन रिट्रीवर, डोबर्मन पिंशर, रॉटवीलर, साइबेरियन हस्की जैसी सभी नस्लों के डॉग्स को ट्रेन किया जाता है। अक्सर डॉग पैरेंट्स को यह जानकारी नहीं होती कि पालतू कुत्तों की देखभाल और ट्रेनिंग कैसे दी जाती है, जिसके कारण कुत्ते अग्रेसिव हो जाते हैं और परिवार के सदस्यों पर हमला करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि फिमेल डॉग्स की तुलना में मेल डॉग ज्यादा हाईपर होते है, जिसके कारण उन्हें ट्रेनिंग की अधिक जरूरत होती हैं। सेंटर में रोजाना डॉग पैरेंट्स को सलाह दी जाती है, साथ ही बेहतर खानपान और बदलते व्यवहार की जानकारी दी जाती है।

सिटी लाइव

# एनआईटी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, होगा विशेष व्याख्यान



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 27 से 31 अक्टूबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता सप्ताह का विषय "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" है। यह आयोजन संस्थान में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एनआईटी के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. प्रभात दीवान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देने पूरे सप्ताह कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सप्ताह की शुरुआत सोमवार से सतर्कता शपथ के साथ होगी, जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव मौजूद रहेंगे।

### अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह

इस दौरान मंगलवार को पारदर्शी शासन के महत्व पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जहां मुख्य वक्ता के रूप में चीफ विजिलेंस ऑफिसर हिमांशु जैन होंगे। इस अवसर पर छात्रों को सतर्कता और उत्तरदायित्व पर विचार व्यक्त करने का मौका दिया जाएगा, ताकि छात्रों के नए विचारों को भी मंच दिया जा सके। इस मौके पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सतर्कता से जुड़े सामाजिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से उजागर करने के लिए 30 अक्टूबर को एक नुक्कड़ नाटक का परिसर में आयोजन किया गया है। सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

धर्म लाइव

# श्री बालाजी कल्याण मंदिर में राजगोपुरम प्रवेश द्वार पर चौखट की स्थापना



**रायपुर।** गुढ़ियारी तिलक नगर स्थित श्री बालाजी कल्याण मंदिर में राजगोपुरम प्रवेश द्वार की चौखट की स्थापना धार्मिक अनुष्ठान व पूजन की प्रत्येक विधियों के साथ सम्पन्न की गई। इस अवसर पर भगवान श्री बालाजी की पूजा-अर्चना एवं महाआरती धार्मिक पूजा का प्रारंभ किया गया। कलश पूजा के अवसर पर मंदिर के चौखट पर हल्दी और कुमकुम का अभिषेक किया गया। कलश को लेकर सभी भक्तगण मंदिर की परिक्रमा में शामिल हुए और कलश के जल से प्रवेश द्वार एवं भूमि को शुद्ध किया गया। इस अवसर पर वेद पंडित रामचरण शास्त्री एवं विनोद आश्चर्य ने पांच लोह, नवरत्न, मत्स्य यंत्र एवं श्रीफल से पूजा कर देवी-देवताओं का आव्हान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जी. स्वामी एवं के. विजय कुमार उपस्थित रहे।

### धार्मिक अनुष्ठान व मत्रोच्चार से गूंजा परिसर

मंदिर स्थापना समारोह में संस्था के कई प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें टी. श्रीनिवास रेड्डी, पी. भास्कर पटनायक, एम. श्रीनिवास राव, केवी राव, डी. राणा, के. मुकुंद बाबू, के. रामकृष्ण, राजू, एम. नागू, एम. वेंकट, डी. रवाना शामिल रहे। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण व जनसेवा के उद्देश्य से दान भी किया। मंदिर समिति ने बताया कि इस पवित्र स्थापना के माध्यम से भक्तों के लिए धार्मिक आस्था और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा और मंदिर परिसर में आने वाले सभी श्रद्धालु इससे लाभान्वित होंगे। समय-समय पर समाज की नई पीढ़ी को पारंपरिक त्योहारों के जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा, ताकि बच्चे संस्कृति से खुद को जोड़ सकें।

समाज इवेंट

# आध्यात्मिक सत्संग के साथ आज निकलेगी तिरंगा रैली

**रायपुर।** ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान की अगवाई में शनिवार को दोपहर 1 बजे से भाठागांव में दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का आगाज होगा। सुबह 8 बजे संतों के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे आयोजन स्थल से एक किलोमीटर तक तिरंगा रैली एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों और शहरों से भी श्रद्धालु आध्यात्मिक सत्संग में शामिल होने आएंगे। इसके मद्देनजर व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप समिति ने दिया। विगत कई वर्षों से ओम मंडली परिवार और ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान से जुड़े विभिन्न वर्गों के पदाधिकारी, समाजसेवी, साधु-संत भी इसका हिस्सा बनेंगे।

### भोग प्रसादी और सत्संग का लाभ

इस बार भी 25 एवं 26 अक्टूबर को होने वाले सत्संग में कई विषयों पर चिंतन भी किया जाएगा। देवकी मैया के प्रेरणादायी प्रवचन का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हर साल यह आयोजन आध्यात्मिक और देशभक्ति के जज्बे से सराबोर करने वाला महोत्सव बनता है। इस श्रृंखला में रविवार को सुबह 8 बजे विश्व कल्याण यज्ञ किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे शंकर पार्वती की भव्य मूर्ति दर्शन का अवसर लोगों को मिलेगा। साथ ही लोगों को भोग प्रसादी और सत्संग का अवसर भी मिलेगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्व-परिवर्तन द्वारा विश्व परिवर्तन का संदेश देना और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्प से जोड़ना है।

राजधानी के महादेवघाट, बिरगांव के व्यास तालाब और हीरापुर समेत 40 से ज्यादा तालाबों में उत्तर भारतीय निभाएंगे परंपरा

# छठ पूजा के लिए सजेंगे घाट, आज नहाए-खाए से शुरू होगा व्रत नियम, मुंबई-बिहार के सिंगर्स मचाएंगे धूम

'उत्तर भारतीय परिवारों की आस्था से जुड़ा छठ महापर्व शनिवार से शुरू हो रहा है। इसके पहले महादेवघाट, आमापारा, व्यास तालाब सहित 40 से ज्यादा छठ पूजा घाट की सफाई के बाद अब रंगीन लाइट्स से सजाने की तैयारी की जाएगी। उत्सव का आयोजन करने वाली समितियों ने तालाबों की सफाई के बाद घाट में छेका लगाना शुरू किया है। घाट पर सजने वाले स्टेज पर छत्तीसगढ़ के लोकगायक समेत मुंबई, बिहार और उत्तरप्रदेश के गायकों की टोली भी धमाल मचाएंगी। साथ ही आकर्षक झांकियों से अवसर को खास बनाने की तैयारी है। छठ महापर्व के लिए पूजा सामग्री की खरीदी करने महिलाएं बाजार पहुंचीं।'



### बिहार के सिंगर्स जमाएंगे रंग, आज से व्रत नियम

*भोजपुरी समाज एवं छठ पूजा समिति बिरगांव के अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार बिरगांव के व्यास तालाब पूजा घाट पर महापर्व के लिए सफाई और तैयारी का सिलसिला सप्ताहभर पहले से शुरू किया गया। साथ ही इस बार बिहार के कलाकारों को भी 27 अक्टूबर की रात पूजा घाट पर होने वाले सांस्कृतिक प्रोग्राम के लिए आमंत्रित किया है। चर्चित लोकगायकों के साथ ही स्थानीय सिंगर्स को भी रंग जमाने का अवसर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि शनिवार को नहाय-खाए का नियम उपासक शुरू करेंगे। इसके साथ ही 72 घंटे तक चलने वाले व्रत नियम का पालन उपासक शुरू करेंगे।*



**रायपुर।** छठ महापर्व का आयोजन इस बार भी शहर के प्रमुख तालाबों में बनाए गए घाट पर करने व्यवस्थागत तैयारी तेज हो गई है। छठ पर्व में व्रतधारी उपासकों द्वारा 25 अक्टूबर से नहाए-खाए का नियम करते हुए व्रत शुरू करेंगे। वहीं 27 अक्टूबर की शाम डूबते सूर्य की उपासक महिलाएं पूजा करने के बाद वापस घर लौटेंगी। इससे पहले भोजपुरी समाज के लोगों ने भी घाट पर इस बार भी उत्सव मनाने के लिए मुंबई, बिहार और बनारस के साथ छत्तीसगढ़ के लोकगायकों को भी गीत-संगीत का जलवा बिखेरने के लिए आमंत्रित किया है। प्रयागराज के साथ ही स्थानीय लोकगायकों को भी मंच देने की तैयारी शुरू की गई है। वैसे भी रायपुर और बिरगांव निगम क्षेत्र में 40 से ज्यादा तालाबों के घाट पर छठ पूजा का आयोजन करेंगे। इनमें महादेवघाट, बिरगांव और आमापारा तालाब में कलाकारों द्वारा रातभर गीत-संगीत के साथ भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। इसके लिए पूजा घाट के पास ही शुक्रवार की शाम 4 बजे के बीच से ही उपासक तालाब के घाट पर मंच सजाएंगे।

### बाजार में सूपा, टोकनी, दीए की रही पूछपरख



छठ माता की पूजा में उपयोग की जाने वाली पूजा सामग्री के लिए गोलबाजार, शास्त्री मार्केट,संतोषी नगर,बिरगांव के मार्केट महिलाओं की भारी भीड़ रही। इसके चलते बाजार में दिनभर रौनक का माहौल बना रहा। सूपा, टोकनी, दीए के साथ कोसी, सुपाड़ी, सिंदूर की पूछपरख व्रत नियम करने वाले परिवार के लोगों से गोलबाजार में छठ पूजा में उपयोग होने वाले सभी सामानों की पैकिंग के लिए आर्डर लिया गया। पूजा सामग्री को दुकानदारों ने 700 से 900 में तैयार कर देने की जानकारी दी। वहीं ज्यादातर लोग जरूरत के लिहाज से ही इसे खरीद रहे हैं।

### पूजा घाट पर रविवार की रात से सजेंगे मंच

बिहार और झारखंड के लाखों परिवारों द्वारा हर साल महादेवघाट, सरजूबांधा तालाब, हीरापुर, गोगांव, आमापारा तालाब के साथ बिरगांव के व्यास तालाब सहित 40 से ज्यादा तालाबों में छठ पूजा की जाती है। इसमें शामिल होने व्रतधारी महिलाओं के साथ उनके परिवार के लोग भी तालाब के घाट पर की जाने वाली पूजा का हिस्सा बनते हैं। प्रोग्राम के लिए रविवार की रात से मंच सजाने की तैयारी शुरू होगी। स्टेज बनवाने के साथ पूजा घाट को रंगीन लाइटों से रोशन करने का क्रम बचा हुआ है, इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके पहले बिरगांव क्षेत्र के छठ पूजा घाट और तालाबों की सफाई का दायित्व इस साल भी निगम के एमआईसी मेंबर इकराम अहमद और आयोजन समितियों के पदाधिकारियों ने मिलकर पूरा किया है।

### झांकी और नृत्य नाटिका होंगे आकर्षण का केंद्र

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छठ पूजा में मुंबई, बिहार, छत्तीसगढ़ के चर्चित सिंगर्स को आमंत्रित किया गया है। आयोजन को खास बनाने के लिए रविवार की रात से मंच सजाने का सिलसिला शुरू होगा। इस बार गीत-संगीत के बीच आकर्षक झांकी और नृत्य नाटिका भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके लिए तिलक राज और केशरी साहू का ग्रुप सोमवार को शाम 4 बजे से प्रस्तुतियों की श्रृंखला सजाएंगे। इनके बीच स्वाति मिश्रा, सोनाली तरुण चोपड़ा पूजा स्थल पर प्रस्तुति देने आ रही हैं। प्रयागराज के सोनाली एंड ग्रुप से जुड़े कलाकार झांकी के साथ नृत्य प्रस्तुति भी देंगे।

# अनाथ आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

**रायपुर।** इस रंग भरी दुनिया मे भगवान ने इंसान को रंगकर्मी के रूप में भेज कर दुनिया बनाई। जिसमे व्यक्ति अपने परिवार को बसाकर कई प्रकार की खुशियां बटोरता है उसके साथ हर कदम पर पूरे परिवार का सहयोग उसे मिलता रहता है और सभी तीज त्यौहार को व्यक्ति मिलजुल कर एक दूसरे के साथ खुशियां बांट कर मनाता है। किंतु इस दुनिया मे कुछ लोग ऐसे भी है जो बिरहा और तन्हा अपना जीवन गुजार रहे है जिन्हें भगवान ने इस दुनिया मे भेजा तो था रंग भरने के लिए किंतु किस्मत ने उनका साथ नही दिया और वे तन्हा ही रह गए। ऐसे लोगो के लिए सांई नाथ सेवा समिति में लगातार उनके लिए कार्य कर रही है। सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा फील परमार्थम वृद्धा आश्रम जाकर वहां के वृद्धजनों के साथ दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमें सदस्यों के द्वारा अनाथ आश्रम में उपस्थित जनों को तिलक कर मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।



### दीपोत्सव के आयोजन में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पूर्व दीपोत्सव के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रामलीला की मनमोहन प्रस्तुति दी गई। हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत और गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी। अंतर शालेय प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। अंतर सदनीय विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया गया।

# 'छत्तीसगढ़ कल, आज और कल' आयोजन का मुख्यमंत्री ने किया पोस्टर विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में न्यूज 24 मध्य प्रदेश–छत्तीसगढ़ और लल्लूराम डॉट कॉम द्वारा राज्य की प्रगति, संस्कृति और भविष्य की दिशा को समर्पित दो दिवसीय आयोजन 'छत्तीसगढ़ @25 कल, आज और कल 2 दिन, एक यादगार जश्न' का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर न्यूज 24 एमपी–सीजी के चेयरमैन नमित जैन, एडिटोरियल डायरेक्टर मनोज सिंह बघेल, सलाहकार संपादक संदीप अखिल और स्थानीय संपादक आशीष तिवारी उपस्थित रहे। पोस्टर विमोचन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में विकास और जनकल्याण की नई मिसालें कायम की हैं। मीडिया संस्थान जब राज्य की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को रचनात्मक तरीके से जनता तक पहुंचाते हैं तो यह राज्य के विकास के सफर को और सशक्त बनाता है।



### 29 को कवि सम्मेलन

यह दो दिवसीय आयोजन राज्य की उपलब्धियों, सांस्कृतिक पहचान और भविष्य की दिशा को समर्पित होगा। पहले दिन 28 अक्टूबर 2025 को होटल बेबीलोन कैपिटल रायपुर में "रजत सम्मेलन-विजन @2025" शीर्षक से आयोजित किया जाएगा, जिसमें शासन, उद्योग, प्रशासन और समाज के प्रतिनिधि एक मंच पर आकर राज्य के भविष्य की दिशा और विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन 29 अक्टूबर 2025 को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में "देसी टॉक कवि सम्मेलन 6.0" के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें देश के प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, विनीत चौहान, शंभू शिखर, विनोद पांडेय, अल्पना आनंद और भरत द्विवेदी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। हास्य, व्यंग्य, देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविताएं इस शाम को यादगार बनाएंगी।

ठंड की दस्तक के साथ ही सेहत को लेकर उद्यानों में लगने लगीं योगा और जुम्बा क्लासेज

# ठंड में 2 घंटे जिम-योगाभ्यास से शरीर की मांसपेशियां होंगी मजबूत, 3 महीने में मोटापा और पेट कम करने का लक्ष्य

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** ठंड का मौसम सेहत बनाने के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है, क्योंकि इस मौसम में शरीर का पाचन तंत्र अन्य मौसम की तुलना में सबसे अच्छा होता है। इस समय बड़ी तेजी शरीर को तंदुरुस्त बनाया जा सकता है। इस वजह से ठंड के दस्तक देते ही शहर के जिम में वर्कआउट करने वालों की संख्या बढ़ गई है। छोटे व बड़े गार्डन में भी सुबह के वक्त मॉर्निंग वॉक करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट और सामाजिक संस्थाओं के जरिए भी सेहत बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसमें लोग शामिल होकर शरीर को फिट बना रहे हैं।

हरिभूमि ने शहर के जिम ट्रेनर, डाइटिशियन व न्यूट्रिशन एक्सपर्ट से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि ठंड के चार महीने में बॉडी को किस तरह से फिट बनाया जा सकता है। जिम ट्रेनर्स का मानना है कि दिन में 2 घंटे जिम या फिर योगाभ्यास के जरिए शरीर की मांसपेशियां मजबूत हो सकती हैं। सर्दियों में शरीर ठंड से बचने के लिए खुद की कैलोरी बर्न करता है। इसके चलते इस मौसम में शरीर को सामान्य से ज्यादा कैलोरी की जरूरत पड़ती है। वहीं न्यूट्रिशन एक्सपर्ट का कहना है कि ठंड में खजूर, गुड़ और गाजर, मूंगफली का सेवन शरीर को विभिन्न रोगों से मुक्ति दिला सकता है।



### 3 महीने में मोटापा और पेट कम करने का लक्ष्य

शहर के दर्जनभर से अधिक जिम संचालकों ने जिम की शिफ्ट सुबह के वक्त बढ़ा दी है। जहां पहले सिर्फ दो टाइम शिफ्ट होती थी, वहां पर अब 3 से 4 शिफ्ट हो रही है। बच्चे, पुरुष, महिला और युवाओं के लिए अलग-अलग शिफ्ट बनाई गई है। सुंदर नगर स्थित एक जिम की ट्रेनर सुनिधि पांडे ने बताया, इस ठंड में ज्यादातर लोग 3 महीने में अपना मोटापा और पेट कम करना चाहते हैं। युवतियां और युवावर्ग जिम के जरिए सेहतमंद बनना चाहते हैं। जिम में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, इनका उपयोग कर पेट कम करने के साथ अपना वजन भी कम कर सकते हैं। यहां पहुंचने वाले ज्यादातर वजन कम करने का लक्ष्य बनाकर ही आ रहे हैं।

### ओपन जिम में घंटों बहा रहे पसीना

शहर सभी गार्डन में सुबह और शाम के वक्त आने वाले लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। अनुपम गार्डन, गांधी गार्डन व सेंटर लाइब्रेरी गार्डन में सुबह के वक्त ओपन जिम में शरीर को मजबूत व आकर्षक बनाने में शहरवासी जुटे हुए हैं। जिम का शुल्क महंगा होने से वे ओपन जिम में पसीना बहा रहे हैं। गार्डन में सभी प्रकार के इक्यूपमेंट हैं, जिससे शरीर को फिट बनाने के साथ हृष्ट-पुष्ट रखा जा सकता है।

### 24 घंटे में 4 लीटर तक पानी जरूरी

ठंड के मौसम में प्यास कम लगती है। ऐसे में पानी पीना औसतन आधा हो जाता है। जिम जाने वालों को वर्कआउट के आधार पर शरीर को पर्याप्त रूप से पानी देना होता है। शरीर में इसकी कमी हुई तो इसका असर सीधे सेहत पर पड़ेगा। ठंड में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिम ट्रेनर के मुताबिक, 18 साल से अधिक उम्र वालों को 24 घंटे में 3 से 4 लीटर और 8 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को 2 से 3 लीटर पानी पीना ठंड में जरूरी है। सर्दियों में भले ही प्यास न लगती हो, लेकिन हमें पानी जरूर पीना चाहिए। सर्दियों में भी शरीर में पानी की कमी के चलते कई समस्याएं हो सकती हैं।

### खजूर और गाजर से मिलेंगे विटामिन-मिनरल

ठंड के मौसम बिना जिम किए केवल डाइट में बदलाव करके भी खुद को फिट रखा जा सकता है। डाइटिशियन व न्यूट्रिशन एक्सपर्ट डॉ. नीतू शाह ने बताया, ठंडी चीजों को खाने से बचना चाहिए और खाने में ज्यादा से ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट फूड को शामिल करना चाहिए। ठंड में खजूर खाने से विटामिन ए और बी मिलते हैं। इसके अलावा शरीर में गर्माहट बनी रहती है।

## हेल्थ टिप्स

### नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होगी छत्तीसगढ़ रिंग फाइट टीम



**रायपुर।** पश्चिम बंगाल में 12 से 14 दिसंबर तक होने वाले 9वें नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन तैयारी में जुट गई है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन और महाराष्ट्र मंडल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 अक्टूबर से मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में रिंग फाइट प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। पहले दिन कैंप में पहुंचे खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। छत्तीसगढ रिंग फाइट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस शिविर के पहले दिन खिलाड़ियों के साथ उनके परिजनों ने भी सहभागिता निभाई। कैंप में शामिल खिलाड़ियों को एसोसिएशन के सचिव और कोच ओपी कटारिया, संत ज्ञानेश्वर स्कूल की खेल शिक्षिका ज्योति साहू ट्रेनिंग दे रहीं हैं। शिविर की समाप्ति पर छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की अधिकृत टीम घोषित की जाएगी, जो 12 दिसंबर तक नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पश्चिम बंगाल रवाना होगी। गीता दलाल के मुताबिक पहले दिन पणवी ओगले, अवनीश जायसवाल, अभिमन्यु कुमार, वेदांत साहू, गौरव हेमने, आयुष्मान कालेले, विहान कालेले, वर्तिका क्षीरसागर शिविर में शामिल हुए और जमकर अभ्यास भी किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रवीण क्षीरसागर और परिजन में पवन ओगले, डा. रंजिता जायसवाल और भागीरथ कालेले शामिल हुए।

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत, नेहा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 08 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच 19 अक्टुबर को ग्वालियर में हिमाचल प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की छठीं जीत, हिमाचल प्रदेश को 45 रनों से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से नेहा बडवाइक ने सर्वाधिक 62 रन तथा ऐश्वर्या सिंह ने 42 रनों का योगदान दिया। सृष्टि शर्मा ने भी 18 रनों का योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश की ओर से नीना चैधरी ने 3 विकेट प्राप्त किये।163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 117 रन ही बना पायी। हिमाचल प्रदेश की ओर से एस एम सिंह ने 52 रन तथा नीना चैधरी ने 27 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 3 विकेट प्राप्त किए। महक नरवसे तथा अदिति पनवार ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 45 विकेट से जीत लिया। नेहा बडवाइक प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।



### एशियन यूथ गेम्स बहरीन में बैसवाड़े टेक्नीकल ऑफिशियल

**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर विनय बैसवाड़े का चयन टेकनीकल ऑफिशियल के रूप में 26 से 30 अक्टूबर तक मनामा, बहरीन में आयोजित 3वीं एशियन यूथ गेम्स 2025 (टेबल टेनिस) हेतु किया गया है। इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए भारत से एकमात्र विनय बैसवाड़े का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में हुआ है। एशियन यूथ गेम्स का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना और उनके खेल विकास को बढ़ावा देना है। टेबल टेनिस प्रतियोगिता बालक एकल, बालिका एकल एवं मिश्रित युगल हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जायेगी। इसके पूर्व भी विनय बैसवाड़े कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टेकनीकल ऑफिशियल के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं खिलाड़ी हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर में कार्यरत है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी है। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक ने दी।



### नियमित अंतराल पर जांच कराएं और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने उपाय अपनाएं

# हाई कोलेस्ट्रॉल से सिर्फ हृदय ही नहीं दूसरे अंगों पर भी पड़ता है असर, तुरंत करा लें जांच

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है, इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव हृदय स्वास्थ्य पर देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हाई कोलेस्ट्रॉल के शिकार लोगों में हृदय रोग, हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का खतरा काफी अधिक हो सकता है। सभी लोगों को नियमित अंतराल पर इसकी जांच और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने वाले उपाय करते रहना चाहिए।

कोलेस्ट्रॉल एक मोम और वसा जैसा पदार्थ होता है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसकी सही मात्रा आवश्यक है। शरीर को कुछ प्रकार के हार्मोन्स, विटामिन-डी और भोजन को पचाने में मदद करने वाले पदार्थों को बनाने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है। हालांकि यदि आपके खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है तो इसके कई दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होने के कारण प्लाक का जमाव होने लगता है। प्लाक के कारण धमनियां संकरी या अवरुद्ध हो सकती है। इस तरह की स्थिति रक्त के प्रवाह को बाधित कर देती है जिससे हृदय स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो सकता है।हालांकि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के दुष्प्रभाव सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, इसका शरीर पर और भी कई तरह से नकारात्मक असर हो सकता है।



## हाई कोलेस्ट्रॉल, हृदय के लिए क्यों हानिकारक है?

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति कई प्रकार से हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है। सबसे पहले हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण आपकी धमनियों में प्लाक बनने का खतरा रहता है, जो इसे संकीर्ण कर देती हैं। इस स्थिति में हृदय में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है। हृदय तक सही तरीके से या निरंतर रक्त न पहुंचने के कारण सीने में दर्द या दिल का दौरा पड़ने का खतरा हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल शरीर में इंफ्लामेशन बढ़ाने वाली भी मानी जाती है, जिससे रक्त वाहिकाएं सख्त हो सकती हैं। इससे आपके हृदय को रक्त पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे रक्तचाप बढ़ा रहता है। ब्लड प्रेशर बढ़े रहने के कारण भी हृदय रोगों का खतरा हो सकता है।

## स्ट्रोक का भी बढ़ जाता है खतरा

हाई कोलेस्ट्रॉल के दुष्प्रभाव सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, इसके कारण स्ट्रोक का भी जोखिम हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल के कारण बनने वाले प्लाक सिर्फ आपके दिल और उसके आस-पास की रक्त वाहिकाओं को ही प्रभावित नहीं करते हैं, वे मस्तिष्क तक जाने वाली कुछ धमनियों को भी संकीर्ण कर देते हैं। अगर मस्तिष्क तक रक्त ले जाने वाली कोई वाहिका पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है, तो आपको स्ट्रोक हो सकता है। स्ट्रोक और हार्ट अटैक दोनों को मौत के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है।



## बढ़ सकती हैं डायबिटीज की जटिलताएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है उन्हें कोलेस्ट्रॉल को लेकर और भी अलर्ट रहने की आवश्यकता होती है। हाई ग्लूकोज और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या आपके लिए कई तरह से जटिलताओं को बढ़ाने वाली मानी जाती है। डायबिटीज वाले लोगों में हृदय रोगों का खतरा भी अधिक होता है, इसलिए मधुमेह के शिकार लोगों को कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल में रखना जरूरी है।



## इरेक्टाइल डिस्फंक्शन के हो सकते हैं शिकार

हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण नपुंसकता बढ़ने का भी जोखिम देखा जाता रहा है। लंबे समय में, कोलेस्ट्रॉल का स्तर अधिक रहने के कारण जननांग की छोटी रक्त वाहिकाओं के संकुचित होने का भी खतरा हो सकता है इससे इरेक्शन प्राप्त करने में भी कठिनाई होती है।

# किचन गार्डन के लिए जरूरी है वास्तु के नियम, सकारात्मक ऊर्जा होगी चारों ओर

अपने मानसिक तनाव को दूर करने और शुद्ध पौधे लगाने के लिए घर में किचन गार्डन बनाना एक बेहतरीन तरीका माना जाता है। किचन गार्डन का भी एक वास्तु होना जरूरी है और आपको वास्तु के सही नियमों का पालन करते हुए ही घर में किचन गार्डन बनाने की सलाह दी जाती है। वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया बता रही हैं किचन गार्डन बनाने के वास्तु उपायों के बारे में।

**किचन गार्डन के लिए सही दिशा जरूरी है :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में किचन गार्डन लगाने के लिए सबसे शुभ दिशा उत्तर-पूर्व दिशा या ईशान कोण मानी जाती है। यह दिशा आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और घर में समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य में सुधार लाती है।इसके अलावा, पूर्व दिशा में भी किचन गार्डन बनाने से घर के सदस्यों को शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है। इस दिशा में सूरज की पहली किरणें सीधे आती हैं, जो पौधों की वृद्धि के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यदि आप इस दिशा में किचन गार्डन बना रहे हैं तो आपके पूरे घर में इसके सकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं।



वास्तु के अनुसार किचन गार्डन के लिए सही पौधों चुनना जरूरी है। अगर आप घर में किचन गार्डन बना रहे हैं तो आपको वास्तु शास्त्र के अनुसार सही दिशा के साथ सही पौधों का चयन भी करना चाहिए। किचन गार्डन के लिए हमेशा आप ऐसे पौधे चुनें जो सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा दें और आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हों। तुलसी को घर में लगाना अत्यधिक शुभ माना जाता है और यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, इसलिए आप किचन गार्डन में यह पौधा जरूर लगाएं। साथ ही, इसकी पत्तियां कई स्वास्थ्य लाभ भी देती हैं, जिसकी वजह से इस पौधे का किचन गार्डन में होना जरूरी होता है। इसे पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना सबसे अच्छा होता है। इसके साथ आप धनिया, पुदीना, अदरक, मेथी जैसे पौधे भी अपने किचन गार्डन में लगा सकती हैं। ये पौधे आपके भोजन में स्वाद और सेहत जोड़ने में मदद करते हैं।

**वास्तु के अनुसार किचन गार्डन में पौधों की ऊंचाई का ध्यान रखें :** वास्तु शास्त्र के अनुसार किचन गार्डन में लगे पौधों की ऊंचाई का ध्यान रखना जरूरी होता है। छोटे और मध्यम ऊंचाई वाले पौधे जैसे तुलसी, पुदीना, और धनिया को घर के आंगन में या किचन गार्डन में लगाना शुभ होता है। बड़े और ऊंचे पेड़ जैसे नीम या अशोक को घर के बाहरी हिस्से में लगाना चाहिए, ताकि ये घर की छाया पर असर न डालें और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ठीक बना रहे। वास्तु की मानें तो जब आप किचन गार्डन में पौधे लगा रही हैं तो माध्यम ऊंचाई और लंबाई वाले पौधे ही लगाएं।



# निःशक्तजनों से बेहतर व्यवहार करना सिखाइए अपने बच्चों को

आपका बच्चा ठीक है। पूरी तरह स्वस्थ है। मगर उसकी क्लास में पढ़ने वाला एक साथी शारीरिक रूप से अस्वस्थ है। आपका बच्चा आपको उसके बारे में बताता है, लेकिन उससे बात नहीं करता। ऐसे में आपको अपने बच्चे को शारीरिक विकलांगता के बारे में सही ज्ञान देना होगा, ताकि वह उस बच्चे के साथ कोई गलत व्यवहार न करे, क्योंकि सही जानकारी और समझ के अभाव में बच्चे अक्सर अक्षमता को लेकर गलत धारणाएं बना लेते हैं, जो भेदभाव को बढ़ावा दे सकती हैं।

## कैसे समझाएं

बच्चे से आपको खुले मन से बातचीत करनी होगी। आप बच्चे से उसके दोस्त के बारे में पूछें कि उसे उस बच्चे में क्या पसंद है और क्या नहीं। आप धैर्य से बच्चे की बात सुनें। ऐसा करके ही आप उसके मन की बात को समझ पाएंगी और उसे सही ज्ञान दे पाएंगी। आपका सही मार्गदर्शन बच्चे को दोस्त बनाने और उस बच्चे के साथ एक मजबूत बंधन बनाने में मदद कर सकता है।



जब आप बच्चे को समझाने का प्रयास कर रही हों तो उससे सरल भाषा में बात करें और उदाहरणों का उपयोग करें। विभिन्न प्रकार की अक्षमताओं की तुलना करके उसे समझाएं कि हर व्यक्ति अलग होता है। कुछ सफल व्यक्तियों के उदाहरण दें, जिन्होंने अक्षमता को चुनौती दी और जीवन में आगे बढ़े।

## मदद के लिए प्रेरित करें

अपने बच्चे को शारीरिक रूप से असक्षम बच्चे के साथ खेलने और गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उसे उस बच्चे की मदद करने के तरीके बताएं, जैसे कि सामान उठाना या वॉशरूम लेकर जाना। आप बच्चे के सभी सवालों का जवाब ईमानदारी और स्पष्टता से दें, लेकिन गलत जानकारी कभी न दें।

## आपकी भाषा

आप खुद 'विकलांग' जैसे शब्दों के बजाय 'विशेष आवश्यकता वाले' या 'अलग क्षमता वाले' जैसे शब्दों का उपयोग करें, क्योंकि आप जो भी शब्द ऐसे बच्चों के लिए इस्तेमाल करेंगी, वह उनको ही सीखेगा और उनका उपयोग करेगा। खराब भाषा का उपयोग शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे के मन को चोट पहुंचा सकता है। इसलिए आप बच्चे को ऐसी किताबें और कहानियां पढ़कर सुनाएं, जिनमें विभिन्न प्रकार की अक्षमता वाले लोग हों।

## मन को बनाएं निर्मल

बच्चे में सहानुभूति और सहिष्णुता विकसित करना बहुत महत्वपूर्ण है। माता-पिता के रूप में आपकी भूमिका है कि आप अपने बच्चे को एक ऐसे समाज के लिए तैयार करें, जहां सभी को समान रूप से स्वीकार किया जाता है। स्कूल काउंसलर आपके बच्चे को समझने और उसे मार्गदर्शन देने में मदद कर सकते हैं। वहीं कई ऑनलाइन संसाधन भी उपलब्ध हैं, जो आपको इस विषय पर अधिक जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

























